www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper
bharatsamvad.live

मौसम
अधिकतम तापमान 34.c
25.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 88.410g
चांदी 91.500 kg

2 'सियासी पापों' से जनहित की रक्षा के लिए गठित करनी होगी स्वतंत्र एजेंसी?
25-25 हजार के इनामी बदमाश गिरफ्तार 04

वर्ष :08 | अंक :243 | मुंबई ,सोमवार , 24 फरवरी , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली में एक व्यक्ति की हत्या, तीन नाबालिग हिरासत में लिये गये

राष्ट्रीय राजधानी में 60 वर्षीय एक व्यक्ति की विवाद के बाद नशे में धुत तीन किशोरों ने कैंची से वार कर कथित तौर पर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना 19 और 20 फरवरी की मध्य रात्रि को हिंदू राव अस्पताल की ओर से दी गई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान पुलकित सिंह के रूप में हुई, जो एक ठेला चालक था। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बांठिया ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर इस संबंध में जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा, लगभग 30 सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया, जिसमें पता चला कि मृतक अपने बाएं हाथ को सीने पर रखे हुए, प्रियदर्शनी झुग्गी में घुसते समय कुछ लड़कों का पीछा कर रहा था, और रास्ते में ही वह गिर पड़ा। सिंह के सहकर्मी चुनचुन सिंह ने खुलासा किया कि मृतक घटना के दिन लाहौरी गेट के निकट नया बाजार से कुतुब चौक तक अपने ठेले को धकेल कर ले जा रहा था। पुलिस उपायुक्त ने कहा, कुतुब चौक पहुंचने से पहले नशे में धुत दो-तीन लड़के सड़क के बीच में खड़े थे और जब सिंह ने उनसे रास्ता खाली करने को कहा तो उनके बीच कहासुनी हो गई।

## मथुरा में दबंगों ने दो दलित दुल्हन और बारातियों को पीटा, नहीं हुआ विवाह, पांच आरोपी गिरफ्तार

मथुरा जिले के रिफाइनरी थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने मामूली विवाद पर अनुसूचित जाति (दलित) की दो दुल्हन व बारातियों के साथ कथित तौर पर मारपीट की जिससे बारात लेकर पहुंचे दूल्हे बिना विवाह किए ही लौट गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि अन्य आरोपियों की धर-पकड़ के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस के अनुसार, रिफाइनरी थाना क्षेत्र के गांव करनावल निवासी एक व्यक्ति की दो बेटियों की शादी रात को होनी थी। उनकी बारात जिले के ही गोवर्धन थाना क्षेत्र के गांव सामई खेड़ा (पूंछरी) से आई थी। पुलिस ने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे दोनों दुल्हन अपनी बुआ व फूफा के साथ ब्यूटी पार्लर से कार में बैठकर लौट रही थीं, तभी रास्ते में गौशाला गांव के समीप करनावल के ही निवासी लोकेश, रोहताश और सतीश की बाइक से कार टच हो गई। पुलिस के मुताबिक, इस पर बाइक सवार युवकों ने कार चालक (दुल्हन के फूफा) से हाथापाई शुरू कर दी। यह देख दोनों दुल्हनों ने विरोध किया तो उन्हें व उनकी बुआ को भी कार से खींच लिया और उनकी पिटाई कर दी।

# महाकुंभ एकता का महाकुंभ, विदेशी ताकतें साथ देती हैं धर्म का मखौल उड़ाने वालों का : पीएम मोदी

## पीएम मोदी ने किया कैंसर अस्पताल का शिलान्यास, बागेश्वर धाम में अब भजन और भोजन के साथ मिलेगा निरोगी जीवन

शिलान्यास समारोह

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'अभी मैंने यहां श्री बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान का भूमिपूजन किया है। ये संस्थान 10 एकड़ में बनेगा। पहले चरण में ही इसमें 100 बेड की सुविधा तैयार होगी।'




> गुलामी की मानसिकता से घिरे हुए ये लोग हमारे मत, मान्यताओं और मंदिरों पर, हमारे संत, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहते हैं। ये लोग हमारे पर्व, परंपराओं और प्रथाओं को गाली देते हैं। जो धर्म, जो संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है

एजेंसी

गढ़ा (छतरपुर) : उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में इन दिनों चल रहे महाकुंभ को लेकर विपक्षी दलों की बयानबाजी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिना किसी का नाम लिए कहा कि ये महाकुंभ देश की एकता का महाकुंभ है, पर नेताओं का एक वर्ग ऐसा है जो धर्म का मखौल उड़ाता है और कई बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती है। मोदी मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले स्थित बागेश्वर धाम में बनने जा रहे कैंसर अस्पताल के शिलान्यास समारोह को संबोधत कर रहे थे। इस दौरान राज्य के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य और साध्वी ऋतंभरा भी उपस्थित थीं। मोदी ने कहा कि आज कल हम देखते हैं कि नेताओं का एक वर्ग ऐसा है जो धर्म का मखौल उड़ाता है, उपहास उड़ाता है, लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती है।

## मन की बात : प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को दिया संदेश, कहा- तनाव लिए बिना सकारात्मक सोच के साथ दें परीक्षा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोर्ड की परीक्षाओं के लिए रविवार को छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें बगैर किसी तनाव के तथा सकारात्मक सोच के साथ परीक्षाएं देने का संदेश दिया। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 119वीं कड़ी में उन्होंने परीक्षा पे चर्चा के वार्षिक आयोजन का भी उल्लेख किया और इस बात पर खुशी जताई कि यह कार्यक्रम एग्जाम वॉरियर्स के



लिए एक संस्थागत रूप लेता जा रहा है। मोदी ने कहा, यह बोर्ड परीक्षाओं का समय है। मैं अपने युवा-साथियों यानी एग्जाम वॉरियर्स को उनकी परीक्षाओं के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। आप बिना कोई तनाव लिए पूरे सकारात्मक भाव के साथ अपनी परीक्षाएं दीजिए। उन्होंने कहा, हर वर्ष परीक्षा पे चर्चा में हम अपने एग्जाम वॉरियर्स से परीक्षाओं से जुड़े अलग-अलग विषयों पर बात करते हैं।

# भारत ने पाकिस्तान को 6 विकटों से हराया

## विराट कोहली ने वनडे क्रिकेट में पूरे किए 14 हजार रन, महान सचिन तेंदुलकर को छोड़ा पीछे

> भारत से हारा पाकिस्तान-चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकता है : कोहली का 51वां वनडे शतक, इंटरनेशनल क्रिकेट में तीसरे टॉप स्कोरर



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली 180 रन की हार का हिसाब बराबर कर दिया। दुबई में रविवार को पाकिस्तान ने 241 रन बनाए। भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाए। कुलदीप यादव को 3 और हार्दिक पंड्या को 2 विकेट मिले। पाकिस्तान से सऊद शकील ने 62 और मोहम्मद रिजवान ने 46 रन बनाए। शाहीन शाह अफरीदी को 2 विकेट मिले। अबरार अहमद और खुशदिल शाह को 1-1 विकेट मिला।

विराट वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय बने। उन्होंने पारी में 15वां रन बनाते ही सबसे तेज 14 हजार वनडे रन भी पूरे कर लिए। कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट के तीसरे टॉप स्कोरर भी बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 27,483 रन हैं। अहम मैच में इस तरह से बैटिंग करने के बाद अच्छा महसूस कर रहा हूं। इसी मैच पर सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें टिकी थीं। रोहित के आउट होने के बाद तो मेरी जिम्मेदारी और भी ज्यादा बढ़ गई थी। मैं मिडिल ओवर्स को कंट्रोल करने की कोशिश कर रहा था, स्पिनर्स के खिलाफ कम रिस्क ले रहा था, लेकिन पेसर्स को चार्ज कर रहा था। मैं अपनी बैटिंग से खुश हूं, मैं इसी तरह बैटिंग करता हूं। मैं अपने गेम को जानता हूं। बस बाहरी आवाजों को सुनना नहीं चाहता और पूरी एनर्जी अपने गेम पर देना चाहता हूं।

# आप की बैठक में आतिशी के नाम पर लगी मुहर

## दिल्ली विधानसभा को मिली पहली महिला 'नेता प्रतिपक्ष'

> आतिशी के दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता चुने जाने पर गोपाल राय ने कहा, 'आज विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। आतिशी ने चुनौतीपूर्ण समय में मुख्यमंत्री के तौर पर दिल्ली की जनता की सेवा की है। आप एक स्वस्थ विपक्ष की जिम्मेदारी निभाएगी।'




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री और आप की वरिष्ठ नेता आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता की भूमिका निभाएंगी। रविवार को आप कार्यालय में विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें विधायकों ने सर्वसम्मति से उन्हें विपक्ष का नेता चुना। बता दें, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के खिलाफ सशक्त महिला चेहरे के तौर पर आतिशी का नाम प्रस्तावित किया गया था। आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की पहली महिला नेता होंगी। आतिशी के दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता चुने जाने पर आप नेता गोपाल राय ने कहा, 'आज विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। आतिशी ने चुनौतीपूर्ण समय में मुख्यमंत्री के तौर पर दिल्ली की जनता की सेवा की है। आप एक स्वस्थ विपक्ष की जिम्मेदारी निभाएगी।' दिल्ली शराब नीति मामले में पांच महीने जेल में रहने के बाद आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के पद से इस्तीफा देने के बाद 43 वर्षीय आतिशी मुख्यमंत्री बनी थीं।

# अखिलेश यादव ने डोनाल्ड ट्रंप के दावों को लेकर बीजेपी की डबल इंजन सरकारों पर किया कटाक्ष

एजेंसी

> एक्स पर अपने पोस्ट में, पूर्व यूपी सीएम ने लिखा, जनता पूछ रही है कि भाजपा ट्रिलियन-ट्रिलियन डॉलर का जो राग अलाप रही है, उसमें अमेरिका से आया 21 मिलियन डॉलर भी जुड़ा है क्या? जनता ये भी पूछ रही है कि कहीं डबल इंजन में एक इंजन विदेशी तो नहीं

नयी दिल्ली। समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 21 मिलियन डॉलर के दावे के बाद भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की। उन्होंने मोदी सरकार के भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के वादे पर सवाल उठाया। मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने पूछा कि क्या उनकी डबल इंजन सरकार का एक इंजन विदेशी है। एक्स पर अपने पोस्ट में, पूर्व यूपी सीएम ने लिखा, जनता पूछ रही है कि भाजपा ट्रिलियन-ट्रिलियन डॉलर का जो राग अलाप रही है, उसमें अमेरिका से आया 21 मिलियन डॉलर भी जुड़ा है क्या? जनता ये भी पूछ रही है कि कहीं डबल इंजन में एक इंजन विदेशी तो नहीं है ? इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों और व्हाइट हाउस में उनकी हालिया बैठक के बावजूद भारत पर लगातार हमले जारी रखे। लगातार चौथे दिन ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिकी एजेंसी यूएसएआईडी ने भारत को मतदान बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर दिए हैं। अपने हालिया बयान में ट्रंप ने सीधे पीएम मोदी का जिक्र करते हुए कहा, और भारत में मतदान के लिए मेरे मित्र प्रधानमंत्री मोदी को 21 मिलियन डॉलर दिए जा रहे हैं। हम भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर दे रहे हैं। हमारा क्या ? मैं भी मतदान चाहता हूँ। इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्रालय ने चिंता व्यक्त की, जिसमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा विशिष्ट गतिविधियों और वित्तपोषण के बारे में किए गए खुलासे का उल्लेख किया गया।



# राहुल गांधी ने तेलंगाना में सुरंग की छत ढहने की घटना को लेकर चिंता जताई

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम मौके पर पहुंच गई हैं और सेना के जवानों की एक टीम वहां पहुंच रही है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में एक सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने के बाद उसमें आठ लोगों के फंसने की घटना को लेकर चिंता व्यक्त की और उनकी सुरक्षा की उम्मीद जताई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें बताया गया है कि राज्य सरकार बचाव दलों के साथ, फंसे लोगों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि बचाव अभियान जारी है और राज्य सरकार आपदा राहत दलों के साथ फंसे लोगों को बचाने का हर संभव प्रयास कर रही है।



# तेलंगाना सुरंग हादसा: युद्धस्तर पर बचाव अभियान जारी

> तेलंगाना के नागरकुरनूल में एक सुरंग का हिस्सा शनिवार को ढह गया। इस सुरंग में 8 मजदूर फंस गए। इन मजदूरों को निकालने का प्रयास युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं। एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने कहा कि बचाव दल कल रात सुरंग के अंदर गया जिसने एक लोकोमोटिव पर 11 किलोमीटर की दूरी को तय किया है

## आवाज लगाने पर नहीं मिल रहा कोई रिस्पॉन्स



एजेंसी

नगरकुरनूलः तेलंगाना के नगरकुरनूल जिले में निमार्णाधीन एसएलबीसी सुंरग का हिस्सा धंसने से उसमें फंसे इंजीनियरों और मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए युद्धस्तर पर बचाव अभियान जारी है. भारतीय सेना, नौसेना, एनडीआरएफ और अन्य सुरंग विशेषज्ञ बचाव अभियान में जुटे हैं. एसएलबीसी सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने के बाद पिछले 30 घंटों से आठ लोगों अंदर फंसे हैं. सेना के चिकित्सा अधिकारी सूर्य किरण ने मीडिया को बताया कि सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कुल तीन टीमें हैं जो फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए तैयार हैं. पहली टीम अभी गई है. उनके लौटने पर हमें स्थिति का पता चलेगा. हम सभी उपकरणों और दवाओं के साथ तैयार हैं. बचाव दल फंसे हुए लोगों के करीब पहुंच मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बचाव दल सुरंग के काफी अंदर पहुंच गए हैं. सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल के पास पहुंची टीम ने फंसे हुए लोगों के नाम पुकारे, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला. अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मी सुरंग के अंदर 13 किलोमीटर तक पहुंच गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, बचावकर्मियों को लोहे, कीचड़ और सीमेंट के ब्लॉक से भरा मलबा हटाना पड़ा रहा है. बचाव दल 13 किलोमीटर तक पहुंचने में सफल रहे. वे उस स्थान पर स्थिति का आकलन कर रहे हैं।

# अगर पार्टी को मेरी जरूरत नहीं है तो मेरे पास विकल्प हैं, शशि थरूर ने कांग्रेस को चेताया!

वरिष्ठ कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कांग्रेस को चेतावनी दी कि अगर पार्टी को उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं है तो उनके पास 'विकल्प' हैं। मलयालम पॉडकास्ट में बोलते हुए, थरूर ने पार्टी बदलने की अफवाहों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि भले ही विचारों में अंतर हो, लेकिन वह ऐसा नहीं मानते।



एजेंसी

नयी दिल्ली। वरिष्ठ कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केरल में पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार की प्रशंसा की थी। उनकी इस टिप्पणी पर विवाद छिड़ा हुआ है। इस विवाद के बीच, थरूर ने कांग्रेस को चेतावनी दी कि अगर पार्टी को उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं है तो उनके पास 'विकल्प' हैं। इंडियन एक्सप्रेस मलयालम पॉडकास्ट में बोलते हुए, थरूर ने पार्टी बदलने की अफवाहों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि भले ही विचारों में अंतर हो, लेकिन वह ऐसा नहीं मानते। पॉडकास्ट साक्षात्कार के दौरान, थरूर ने विवाद पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि उन्होंने कभी खुद को एक राजनेता के रूप में नहीं सोचा और उनके पास 'संकीर्ण राजनीतिक विचार' हैं।

भड़के
## फैमिली प्लानिंग पर भड़के स्टालिन

# तमिलनाडु में घट सकती हैं एलएस सीटें!

एजेंसी




> एम. के. स्टालिन ने कहा कि राज्य संसदीय सीटों में संभावित कमी की स्थिति का सामना कर रहा है, क्योंकि उसने परिवार नियोजन कार्यक्रम लागू किया है। उन्होंने 16 प्रकार की संपत्ति से संबंधित एक तमिल कहावत का हवाला दिया, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि लोगों को अपने बच्चों के तमिल नाम रखने चाहिए।

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम. के. स्टालिन ने कहा कि राज्य संसदीय सीटों में संभावित कमी की स्थिति का सामना कर रहा है, क्योंकि उसने परिवार नियोजन कार्यक्रम लागू किया है। स्टालिन ने पहले भी इस विषय पर बात करते हुए कहा था कि लोकसभा परिसीमन की कवायद लोगों को 16 बच्चों के पालन-पोषण के बारे में सोचने पर मजबूर कर सकती है, जो 16 (तरह की संपत्ति) से संबंधित एक तमिल कहावत का संदर्भ है। उन्होंने 16 प्रकार की संपत्ति से संबंधित एक तमिल कहावत का हवाला दिया, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि लोगों को अपने बच्चों के तमिल नाम रखने चाहिए। रविवार को अपने कोलाथुर निर्वाचन क्षेत्र में एक वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी के विवाह समारोह में स्टालिन ने नवविवाहितों से अपने बच्चों के तमिल नाम रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन अभियान बच्चों की संख्या पर ध्यान केन्द्रित करते हुए एक सुनियोजित परिवार की आवश्यकता को रेखांकित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा, क्योंकि हमने इसका लगातार उचित तरीके से पालन किया, इसलिए परिसीमन प्रक्रिया के तहत संसदीय सीटों की संख्या कम करने की स्थिति पैदा हुई है। तमिलनाडु में लोकसभा की 39 सीट हैं और यह राज्य परिसीमन के बाद इस संख्या में किसी भी तरह की कमी का विरोध कर रहा है। उन्होंने कहा था कि यह अन्यायपूर्ण है कि दक्षिणी राज्य, जिन्होंने जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार की नीतियों का लगन से पालन किया है, निर्वाचन क्षेत्र परिसीमन के दौरान दंडात्मक उपायों का सामना कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि हमें जनसंख्या के आधार पर सांसदों की संख्या बढ़ाने और दक्षिण भारत के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को कम करने की राजनीतिक साजिश को हराना होगा. राजनीतिक रूप से जागरूक तमिलनाडु के साथ अन्याय करने की कोशिश को शुरू में ही रोक दिया जाना चाहिए.

उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से यह आश्वासन देने का आग्रह करता हूं कि दक्षिणी राज्यों, विशेषकर तमिलनाडु में जनसंख्या के आधार पर आसन्न परिसीमन प्रक्रिया के दौरान प्रतिनिधित्व में कमी नहीं आएगी.

# विधानसभा अध्यक्ष एक तरह का मार्शल लॉ लागू कर रहे हैं : मेहबूबा मुफ्ती



> महबूबा मुफ्ती ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका विधानमंडल के सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है, ना कि सेंसर (नियंत्रक) की तरह काम करना है। उनकी यह टिप्पणी जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर द्वारा बजट सत्र से पहले सदन के कामकाज के नोटिस के प्रचार को गंभीरता से लेने के बाद आई है।

एजेंसी


श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका विधानमंडल के सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है, ना कि सेंसर (नियंत्रक) की तरह काम करना है। उनकी यह टिप्पणी जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर द्वारा बजट सत्र से पहले सदन के कामकाज के नोटिस के प्रचार को गंभीरता से लेने के बाद आई है। विधानसभा अध्यक्ष ने सदस्यों से विशेषाधिकार हनन से दूर रहने को कहा है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने राथर पर संवैधानिक पद पर रहते हुए एक तरह का मार्शल लॉ लागू करने का आरोप लगाया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राथर साहब भले ही विधायी कार्यवाही की पवित्रता को बनाए रखने के बारे में चिंतित हों, लेकिन अध्यक्ष के तौर पर उनकी प्राथमिक भूमिका सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है, न किसेंसर की तरह काम करना है। उन्होंने कहा कि विधायी गतिविधियों के बारे में पारदर्शिता और जन जागरूकता को संसदीय प्रथाओं के उल्लंघन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

## सम्पादकीय

# सुधार की राह देखते शहर, बदलनी होगी देश के शहरों की सूरत

दिल्ली मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई। अब केंद्र और राज्य मिलकर दिल्ली शहर की सूरत संवारने के लिए जुट गए हैं। वैसे जितना जरूरी दिल्ली को संवारना है देश के दूसरे शहरों की तस्वीर भी वैसी ही बदलना होगी। शहरों की सूरत क्यों नहीं बदल रही है इस पर राज्य सरकारों को भी ध्यान देना होगा। दिल्ली में भाजपा सरकार बनते ही राजधानी के बुनियादी ढांचे में सुधार की आशा जगी है और इसकी पुष्टि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रियों के बयानों से भी होती है, लेकिन जितना जरूरी यह है कि दिल्ली की सूरत संवरे, उतनी ही इसकी भी कि देश के अन्य शहरों की तस्वीर भी बदले। माना कि दिल्ली के बुनियादी ढांचे में सुधार न हो पाने की एक बड़ी वजह यह थी कि राज्य और केंद्र में अलग-अलग दलों की सरकारें थीं और उनमें तकरार होती ही रहती थी, लेकिन देश के अन्य शहरों में तो ऐसी कोई समस्या नहीं। अधिकतर शहरों के स्थानीय निकायों का प्रतिनिधित्व सत्तारूढ़ दल के प्रतिनिधि कर रहे हैं और उनका प्रशासन राज्य सरकारों के तहत काम करने वाली नौकरशाही के हाथों में है। आखिर ऐसे शहरों की सूरत बदलने का काम क्यों नहीं हो पा रहा है ? इस प्रश्न पर सभी राज्य सरकारों को गंभीरता से विचार करना चाहिए।इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि शहरों के बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता पर ध्यान न दिए जाने के कारण देश के प्रमुख महानगर भी समस्याओं से घिरते चले जा रहे हैं। वे गंदगी, यातायात जाम से तो त्रस्त रहते ही हैं, नागरिक सुविधाओं के अभाव से भी जूझ रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से तो वे गंभीर किस्म के वायु प्रदूषण से भी घिरते जा रहे हैं। इसके चलते जो नगरीय जीवन सुखमय होना चाहिए, वह कष्टकारी बनता जा रहा है। इसलिए और भी, क्योंकि छोटे-बड़े शहरों में आबादी तो तेजी से बढ़ती चली जा रही है, लेकिन उस अनुपात में नागरिक सुविधाओं का स्तर सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। शहरों के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के जो प्रयत्न होते हैं, वे इसलिए अपर्याप्त साबित होते हैं, क्योंकि एक तो ऐसा करते समय दीर्घकालिक जरूरतों को ध्यान में नहीं रखा जाता और दूसरे वे अनियोजित विकास का पर्याय अधिक होते हैं।ऐसा इसलिए अधिक होता है, क्योंकि शहरों के बुनियादी ढांचे को सुधारने और संवारने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों पर होती है, वे हर समस्या का फौरी समाधान खोजने की ताक में अधिक रहते हैं। शहरों के बुनियादी ढांचे में सुधार को केवल इसलिए प्राथमिकता नहीं दी जानी चाहिए कि उनमें आबादी बढ़ रही है, बल्कि इसलिए भी दी जानी चाहिए, क्योंकि वे आर्थिक विकास के इंजन हैं। बेहतर बुनियादी ढांचे वाले शहर जहां देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हैं, वहीं रोजगार के अवसर भी पैदा करते हैं।

## आज का विचार







**मेष :** आज भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृष :** वृष आज कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**मिथुन :** आज ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें। कष्ट, भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क :** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे।

**सिंह :** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**कन्या :** आज व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**तुला:** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**धनु :** आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है।

**मकर :** आज शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्त्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ :** आज आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी।

**मीन :** आज विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# 'सियासी पापों' से जनहित की रक्षा के लिए गठित करनी होगी स्वतंत्र एजेंसी?

> सच कहूं तो जैसे मुगल शासक बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के दांवपेंच को नहीं समझ पाए और अंग्रेजों के हाथों अपनी सत्ता गंवा दी, कुछ उसी तरह की भूल हमारी निर्वाचित सरकारें एक-दूसरे दल को दबाने के लिए कर रही हैं। कोई दल अमेरिका के हाथ में खेल रहा है, तो कोई दल चीन के हाथ में।



भारत की संसदीय राजनीति एक बार फिर सवालों के घेरे में है। यहां राजनीतिक दलों और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्राप्त बेहिसाब अधिकार के दुरूपयोग की जिस तरह की दुनियावी खबरें मिल रही हैं, उससे पक्ष-विपक्ष दोनों की सियासी भूमिका संदेह के घेरे में है। सुलगता सवाल है कि जब राजनीतिक दलों और उनके द्वारा ही राष्ट्रीयता विरोधी कार्रवाई की जाएगी, राष्ट्रवाद की अवधारणा को मुंह चिढ़ाते हुए जनविरोधी फैसले लिए जाएंगे और कानून बनाए जाएंगे तो फिर इसकी निष्पक्ष जांच कौन करेगा? चूंकि भारत में जिन दलित, आदिवासी और पिछड़े मतदाताओं का बहुमत है, उनकी कानूनी शिक्षा व राजनीतिक साक्षरता उस स्तर की नहीं है, जो किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए जरूरी है। इसलिए उन्हें आरक्षण, जातिवाद और साम्प्रदायिकता जैसे मुद्दों पर सियासी समूहों द्वारा बरगलाया जाता है और जनविरोधी-राष्ट्रविरोधी कुकृत्य संपादित किये जाते हैं, इसलिए प्रबुद्ध सिविल सोसाइटी का जगना बदलते वक्त की मांग है, अन्यथा देश को पुनः गुलाम होने से कोई नहीं रोक सकता। सच कहूं तो जैसे मुगल शासक बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के दांवपेंच को नहीं समझ पाए और अंग्रेजों के हाथों अपनी सत्ता गंवा दी, कुछ उसी तरह की भूल हमारी निर्वाचित सरकारें एक-दूसरे दल को दबाने के लिए कर रही हैं। कोई दल अमेरिका के हाथ में खेल रहा है, तो कोई दल चीन के हाथ में। कोई पार्टी अरब मुल्कों के प्रभाव में है तो कोई पार्टी यूरोपीय देशों के प्रभाव में। यह अनुचित है और इससे बचने का एक मात्र रास्ता है कि हमलोग आओ कानून-कानून खेलें वाली प्रवृत्ति से बचें। बेहतर तो यही होगा कि जैसे पूरे देश में एक समान मताधिकार कानून है, उसी तरह से हरेक मुद्दे पर एक समान कानून बने। इसमें जाति, भाषा, क्षेत्र, सम्प्रदाय, लिंग अथवा वर्ग मूलक आदि के नजरिए से कोई विभिन्नता पैदा नहीं की जाए और इस मामले में ब्रितानी नीतियों का ट्रू कॉपी समझे जाने वाले हमारे संविधान में अपेक्षित संशोधन किए जाएं। अन्यथा तर्क पर कुतर्क भारी पड़ेगा। लोकतंत्र महज भीड़तंत्र बनकर रह जाएगा। इसे सभ्य तन्त्र में तब्दील करना दिवास्वप्न बन जायेगा। अमूमन, चुनावों में धनबल के बढ़ते प्रयोग और उस धन को एकत्रित करने के लिए राजनीतिक दलों व उनके प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न स्तरों पर किए जाने वाले नीतिगत समझौते से ही भारत और भारतीयों दोनों का भविष्य प्रभावित होने लगे और मुट्ठी भर अभिजात्य लोगों की चांदी हो जाए तो फिर क्या किया जा सकता है। ये बातें मैं इसलिए छेड़ रहा हूँ कि इस बारे में सत्ता पक्ष और विपक्ष में, जो तू-तू, मैं-मैं होती रहती है, उससे अक्सर संशय पैदा होती है। चूंकि इस आत्मघाती सियासी प्रवृत्ति को रोकने में हमारी उच्च पदस्थ कार्यपालिका और न्यायपालिका दोनों विफल रही है, इनके विश्लेषण में मीडिया की भूमिका भी पक्षपाती और अभिजात्य वर्गीय हितों की संरक्षक प्रतीत हुई है, इसलिए इन तमाम मामलों की निष्पक्ष जांच और अपेक्षित समतामूलक कार्रवाई के लिए न्यायपालिका, कार्यपालिका, मीडिया और सिविल सोसाइटी के प्रबुद्ध, उच्च योग्यताधारी, समाजसेवा में अनुभवी और वैचारिक साख रखने वाले व्यक्तियों की एक जिम्मेदार स्वतंत्र एजेंसी₹ बनाये जाने और इनके प्राप्त निष्कर्षों पर जनमत सर्वेक्षण कराए जाने की जरूरत है, ताकि भारतीय संसद द्वारा बनाए गए राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और जनविरोधी कानूनों की समीक्षा समय-समय पर की जा सके। ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है कि बहुमत के जुगाड़ में राजनीतिक दल जो कुछ भी फैसले लिए गए हैं या लिए जाते हैं, या लिए जाने वाले हैं उससे साफ दृष्टिगोचर हो रहा है कि ये कहीं पर निगाहें, कहीं पर निशाना की तर्ज पर कार्य कर रहे हैं। लिहाजा, सभ्य समाज के निर्माण में इनकी भूमिका भी पक्षपाती प्रतीत होती आई है। वहीं, हमारी संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष की मिलीभगत से विभिन्न बहुराष्ट्रीय कम्पनियों और स्वार्थपरक पेशेवर या सामाजिक-आर्थिक दबाव समूहों के हित में जो कानून बनाए गए हैं, उससे आम भारतीय यानी आम आदमी के दूरगामी हितों पर कुठाराघात पहुंचा है। इसलिए जनहित के विरोध में जो फैसले लिए गए हैं, तत्सम्बन्धी कानून बनाए गए हैं, उन्हें बदलवाने में भी उपर्युक्त एजेंसी की भूमिका को सार्थक बनाने की दरकार है।इन बातों को समझने-समझाने के लिए यहां पर एक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा हूँ। मसलन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार 20 फरवरी को कहा है कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भारत में किसी और को सत्ता में लाना चाहते थे। साथ ही उन्होंने एक बार फिर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारत को 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर आवंटित करने के बाइडन प्रशासन के फैसले पर सवाल उठाया। लिहाजा, इस मामले को लेकर भाजपा और कांग्रेस पुनः आमने-सामने आ गई हैं।दरअसल, ट्रंप ने गुरुवार को मियामी में एफआईआई प्राथमिकता शिखर सम्मेलन में ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बाइडन प्रशासन भारत में किसी और को निर्वाचित करने की कोशिश कर रहा था। हमें भारत सरकार को बताना होगा। हैरतअंगेज है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अक्सर विदेश दौरे पर जाकर सार्वजनिक तौर पर भारत के लोकतंत्र में विदेशी ताकतों के हस्तक्षेप की मांग करते हैं। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति ने फंडिंग की पुष्टि कर उनको मिल रही मदद पर मुहर लगा दी है। इस पर प्रतिक्रिया जताते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने ट्रंफ को कोट करते हुए कहा कि ₹हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर खर्च करने की क्या जरूरत है। उनका बयान एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) द्वारा खुलासा करने के बाद आया है।₹ वहीं, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि ₹यूएस एड से जुड़े ट्रप के दावे बेतुके हैं। इस पर केंद्र श्वेत पत्र जारी करे, जिसमें दशकों से यूएसएड की ओर से सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों को दिए गए सहयोग का विस्तृत विवरण हो। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा है कि भारत और बांग्लादेश को करोड़ों डॉलर देने की क्या जरूरत है, जब एशिया अच्छा कर रहा है। ये सिर्फ कुछ फंडिंग हैं। सह सूची बहुत ही लंबी है। ऐसे में यह आवश्यक है कि भारत सरकार अमेरिका से पूरी सूची तलब करे और भारत के लोगों को पूरी जानकारी दे। इस पूरे मामले में शामिल लोगों की भूमिका की निष्पक्ष पड़ताल भी होनी चाहिए। इस बारे में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ठीक ही कहा है कि चुनाव आयोग को उन रिपोर्टों पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए कि अमेरिका ने भारत के चुनावों में मतदाता भागीदारी बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ अमरीकी डॉलर खर्च किए हैं। यदि आप इस मुद्दे पर गौर करेंगे तो पाएंगे कि मामला बहुत गम्भीर है। इससे हमारे लोकतंत्र पर सवाल पैदा होता कि क्या उसका रिमोट कंट्रोल विकसित देशों के धनबल के पास है। शायद इसलिए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सांसद रविशंकर प्रसाद ने मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश रची है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का हवाला देते हुए प्रसाद ने कहा कि भारत में मतदान को प्रभावित करने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर आवंटित किए गए थे। इससे यह साबित होता है कि कांग्रेस का भारतीय चुनावों को प्रभावित करने के लिए विदेशी फंडिंग से संबंध है।

भाजपा नेता ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि महात्मा गांधी की विरासत पर दावे करने वाली पार्टी द्वारा ऐसा किया जाना बेहद दुखद और शर्मनाक है। प्रसाद ने भाजपा मुख्यालय में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस की आलोचना करने के लिए ट्रंप की ताजा टिप्पणी और 2023 में ब्रिटेन में दिए गए राहुल गांधी के बयान के ऑडियो क्लिप चलाए। इससे बौखलाई कांग्रेस ने अमेरिकी संस्था यूएसएड से जुड़े हालिया विवाद तथा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा है कि इस पर केंद्र सरकार श्वेत पत्र लाए। साथ ही कांग्रेस ने केंद्र से आग्रह किया कि इस संस्था द्वारा भारत के सरकारी तथा गैर-सरकारी संस्थानों को दिए गए सहयोग का विस्तृत ब्योरा देते हुए श्वेत पत्र जारी किया जाना चाहिए। वहीं, पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यूएसएड के संदर्भ में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा किए जा रहे दावे बेतुके हैं। फिर भी केंद्र को जल्द इस मामले में एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। अब जरा सोचिए कि यह कितनी गम्भीर बात है। यह तो महज एक बानगी है जिसके सबूत भारत सरकार ने नहीं बल्कि अमेरिकी सरकार ने दिए हैं। वहीं, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और भारत की कांग्रेस पार्टी के बीच सत्ता में रहते हुए हस्ताक्षरित एमओयू में शामिल विषयों के बारे में भी भाजपा अक्सर कांग्रेस से सवाल पूछती आई है।

# आशाओं के अनंत आकाश में जीवन के प्रगति सोपान

संजीव ठाकुर



तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है, बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान, शक्तिहीन, भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊजार्वान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता ,रामायण ,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। देश में अनेक साधु संत ज्ञानी जिनमें मोहम्मद मूसा कबीर, रैदास, नामदेव, तुकाराम चैतन्य, तुलसीदास शंकरदेव जैसे महापुरुषों ने देश के सांस्कृतिक आध्यात्मिक विकास मैं अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में अनेक विदेशी आक्रमणों को झेल कर उन्हें आत्मसात किया है किंतु हमारी संस्कृत पाली एवं प्राकृत भाषा अन्य भाषाओं के साथ आज भी समृद्ध है। भारत में अनेक भाषा क्षेत्र एवं बोलियां हैं किंतु हिंदी, पंजाबी, गुजराती, बांग्ला, मराठी ,असमिया भाषाएं उसी तरह पल्लवित पुष्पित हो रही हैं जैसे की संस्कृत और प्राकृत पाली भाषा होती रही है। भारत में स्वाधीनता के बाद विकास के प्रगति के पथ पर वैज्ञानिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया और पृथ्वी से लेकर नभ तक हर क्षेत्र में मानव की अतीव उत्कंठा ,जीजिविषा के कारण हमने चांद पर भी अपने वायुयान भेजें हैं। देश के नागरिकों की भौतिकवादी सुविधा के लिए भी हमने वतानुकुलित यंत्र ,वायुयान तेज चलने वाली ट्रेनें और वायुमंडल में अनेक ऐसे तथ्यों को जो आज तक छुपे हुए थे उजागर कर अपने महत्व के लिए इसका उपयोग करना शुरू किया है। यह कहावत आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और आकाश का कोई अंत नहीं यानी मनुष्य की इच्छाओं का कोई अंत नहीं है मनुष्य पर सही प्रतीत होती है।इसी तरह प्रगति और विकास का भी कोई अंत या अनंत नहीं है। भारत देश में वैश्विक स्तर पर राजनैतिक सामाजिक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर काफी प्रगति की एवं विश्व में योग अध्यात्म दर्शन का लोहा भी मनवाया है। मनुष्य की अभिलाषा का कोई निश्चित लक्ष्य नहीं है, मनुष्य मूल रूप से अत्यंत महत्वकांक्षी, लोलुप एवं इच्छाओं का दास हुआ करता है, ऐसे में पूर्व में किए गए कार्यों को निरंतर सुधार कर उसे नए रूप में प्राप्त करना मनुष्य की अभिलाषा हो सकती है, पर इसके लिए अथक मेहनत संघर्ष आत्मविश्वास एवं संयम की आवश्यकता होगी तभी जाकर हम अपने नए-नए लक्ष्यों को विकास तथा प्रगति के पैमाने पर टटोलकर आगे बढ़ा सकते हैं। पर लक्ष्य की प्राप्ति के साधन जरूर सच्चे ,पवित्र और मानव कल्याण की ओर अग्रेषित होने चाहिए, तब ही विकास प्रगति चाहे वह आध्यात्मिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक अथवा वैज्ञानिक ही क्यों ना हो सफल हो सकती है।

# स्कूली शिक्षा प्रणाली और विद्यार्थियों के लिए घातक है डमी स्कूलिंग

विजय गर्ग

शिक्षा का अर्थ केवल किताबी ज्ञान और परीक्षाओं में अच्छे अंक लाना ही नहीं है। शिक्षा सही मायने में तभी सार्थक मानी जाती है जब पढ़ाई के साथ-साथ एक विद्यार्थी का समग्र विकास हो और वह अपने जीवन में एक सफल नागरिक बन सके। इसके लिए विद्यालय सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। तभी तो इसे महज शिक्षा का केन्द्र नहीं, बल्कि ज्ञान का मंदिर कहा जाता है। ज्ञान का अर्थ ही है समग्र रूप से बच्चों का बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक विकास । विद्यालय ही वह स्थान है, जहां शिक्षक विद्यार्थियों में इन सभी आवश्यक गुणों का विकास कर इसके माध्यम से देश का भविष्य गढ़ते हैं। लेकिन, महज कुछ अथोर्पार्जन के लालच में पड़कर बच्चों के भविष्य के साथ धोखाधड़ी अत्यंत चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। डमी स्कूलिंग की संस्कृति इसी प्रकार के फजीर्वाड़े का एक ज्वलंत उदाहरण है। आश्चर्य की बात है कि विद्यार्थी और उनके अभिभावक झांसे में आकर इस गंभीर समस्या के प्रति संजीदा नहीं हो पा रहे। इस साल जेईई मेन में अव्वल आए एक छात्र का मामला भी इन दिनों सुर्खियों में है, जिसने उस तथाकथित स्कूल का सहारा लिया, जिसकी मान्यता पिछले ही साल रद्द हो चुकी थी।धोखाधड़ी पर हाईकोर्ट की सख्ती - वास्तव में मी स्कूल देश में स्कूली शिक्षा प्रणाली को कमजोर कर रहे हैं। यदि यह अनुचित शिक्षा प्रणाली अनियंत्रित हो गई, तो समग्र शिक्षा व्यवस्था में गिरावट की संभावना से हरगिज इनकार नहीं किया जा सकता। इसके परिणामस्वरूप स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था चौपट होने लगेगी। यही कारण है कि हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली में चल रहे डमी स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने इसे धोखाधड़ी बताया और कहा कि ऐसे स्कूलों को अनुमति नहीं दी जा सकती, जो छात्रों को केवल कोचिंग क्लासेस में भेजते हैं और परीक्षा में बैठने की अनुमति देते हैं, जबकि यह जानकारी पूरी तरह से झूठी होती है। कोर्ट ने राज्य सरकार और सीबीएसई को इस संबंध में जांच करने का आदेश दिया । एक याचिका की सुनवाई में हाईकोर्ट का स्पष्ट कहना था कि डमी स्कूल जिस तरह से बे-बेरोकटोक चल रहे हैं, उससे उन विद्यार्थियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है, जो रेगुलर स्कूल में पढ़ाई करते हैं। वो राज्य कोटा के जरिए इंजीनियरिंग, मेडिकल और दूसरे बड़े संस्थानों में एडमिशन लेने से वंचित रह जाते हैं। यह न केवल शिक्षा के नियमों के खिलाफ है, बल्कि सीबीएसई के 75 प्रतिशत अटेंडेंस के नियम का भी सीधा उल्लंघन है।अभिभावक भी जिम्मेदार - डमी स्कूलिंग में विद्यार्थी स्कूलों में कक्षाएं नहीं करते, बल्कि कोचिंग सेंटरों में समय बिताते हैं।

दूसरे शब्दों में कहें तो ऐसे स्कूल कोचिंग संस्थानों के लिए मात्र एक बिचौलिया हैं, जहां स्टूडेंट को एडमिशन तो मिल जाता है, परंतु उसे रोज स्कूल जाना नहीं पड़ता। बच्चे जेईई मेन, जेईई एडवांस और नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी करानेवाले कोचिंग संस्थानों तक ही सिमटे रह जाते हैं। दरअसल, इसमें केवल कोचिंग सेंटरों की गलती नहीं हैं, इसके लिए पेरेंट्स भी उतने ही जिम्मेदार हैं। वे खुद चाहते हैं कि उनका बेटा या बेटी स्कूल में क्लासेज अटेंड न करे, बल्कि कोचिंग जाए, ताकि नीट और आईआईटी में जा सके, इसलिए पेरेंट्स खुद स्कूलों पर प्रेशर डालते हैं। देश के विभिन्न शहरों में ऐसे कई स्कूल हैं, जो हर महीने इस काम के लिए अतिरिक्त 50 फीसदी तक चार्ज करते हैं। मसलन, जिन स्कूलों में 60,000 एनुअल फीस है, वहां अभिभावक बच्चे को स्कूल न जाना पड़े, इसके लिए 90,000 रुपए की रकम चुकता करते हैं।

# महाराष्ट्र में बजट सत्र से पहले 'महामुश्किल', अन्ना हजारे ने नैतिकता का जिक्र करके बढ़ाया दबाव

- मंत्री धनंजय मुंडे के बाद माणिकराव कोकाटे बने मुश्किल
- बजट सत्र से पहले दोनों मंत्रियों के इस्तीफे की अटकलें
- महाराष्ट्र विधानमंडल का बजट सत्र 3 मार्च से शुरू होगा



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली महायुति सरकार 10 मार्च को राज्य का बजट पेश करेगी। राज्य विधानमंडल के बजट सत्र की तारीखों का ऐलान होने के साथ दो मंत्रियों के सियासी भविष्य को लेकर अटकलें शुरू हो गई हैं। चर्चा है कि तीन मार्च से शुरू हो विधानमंडल के बजट सत्र से पहले फडणवीस मंत्रिमंडल से धनंजय मुंडे और माणिकराव कोकाटे की विदाई हो सकती है। इसके पीछे देवेंद्र फडणवीस की जीरो टॉलरेंस नीति का हवाला दिया जा रहा है? धनंजय मुंडे और कोकाटे दोनों अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी के कोटे से मंत्री बने हैं। धनंजय मुंडे बीड में मासजोग सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के बाद से विवादों में है, जबकि माणिकराव कोकाटे को अदालत ने दो साल की सजा सुनाई है।

## अन्ना हजारे ने बढ़ाया दबाव

धनंजय मुंडे के इस्तीफे को लेकर विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी के नेता काफी समय से दबाव बनाए हुए हैं। अब सामाजसेवी अन्ना हजारे ने भी धनंजय मुंडे पर इस्तीफे का दबाव बढ़ा दिय है। हजारे ने एक दिन पहले कहा था कि अन्ना हजारे ने कहा है कि यदि किसी मंत्री पर आरोप लगता है तो उन्हें सबसे पहले नैतिकता के आधार पर मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

# महिला दिवस पर भी चलेगी महाराष्ट्र विधानसभा, 10 मार्च को अजित पवार पेश करेंगे बजट

महाराष्ट्र में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापस लौटी महायुति सरकार 10 मार्च को अपना पहला बजट पेश करेगी। राज्य विधानसभा 8 मार्च को भी चलेगी। ऐसे में अटकलें लग रही हैं कि क्या सरकार इस दिन महिलाओं को लेकर कोई बड़ा ऐलान करने वाली है? महायुति ने अपने संकल्प पत्र में लाडली बहनों को 2100 रुपये देने का ऐलान किया था।



- तीन मार्च से मुंबई में शुरू होगा महाराष्ट्र का बजट सत्र
- 10 मार्च को अजित पवार पेश करेंगे राज्य का बजट
- 13 मार्च को होली पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र में प्रचंड जीत के बाद सत्ता में लौटी महायुति सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला बजट सत्र 3 मार्च से शुरू होगा। राज्य विधानमंडल का बजट सत्र मुंबई में आयोजित होगा। यह 3 मार्च से शुरू होकर 26 मार्च 2025 तक चलेगा। राज्य का बजट 10 मार्च को विधानमंडल के दोनों सदनों में पेश किया जाएगा। महायुति के दूसरे कार्यकाल के आखिर में उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने बजट पेश किया था। इसमें उन्होंने लाडली बहन योजना का ऐलान किया था। फडणवीस सरकार में भी उन्हें वित्त विभाग मिला है। ऐसे में अजित पवार ही बजट पेश करेंगे। बीजेपी के अगुवाई वाली महायुति गठबंधन में विधानसभा चुनावों में लाडली बहन योजना की सम्मान राशि को 1500 रुपये बढ़ाकर 2100 रुपये करने का ऐलान किया था। महाराष्ट्र की विधानसभा 8 मार्च को भी चलेगी। ऐसे में अटकलें लग रही है कि क्या लाडली बहनों के वोटों से महाजीत हासिल करने वाली महायुति सरकार कोई बड़ा ऐलान करेगी?

## मुंबई में हुई बड़ी बैठक

रविवार को मुंबई में विधान सभा एवं विधान परिषद मामलों की सलाहकार समिति की बैठक रविवार को विधान भवन, मुंबई में हुई। इस दौरान सम्मेलन की कार्यवाही पर चर्चा की गई। इस बैठक में विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे, विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट राहुल नार्वेकर, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल, मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल, गिरीश महाजन, शंभुराज देसाई, विधायक प्रसाद लाड, प्रवीण दारकेकर, एडवोकेट अनिल परब, हेमंत पाटिल, श्रीकांत भारतीय, छगन भुजबल, जितेंद्र आव्हाड, डॉ. नितिन राऊत, रणधीर सावरकर, अमीन पटेल, विधान सचिव (1) जितेंद्र भोले, सचिव (2) विलास आठवले सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। विधान परिषद के उपसभापति डॉ. नीलम गोर्हे ने टेलीकांफ्रेंस के माध्यम से भाग लिया।

फास्ट ट्रैक

# महाराष्ट्र की लाडली बहनों के लिए खुशखबरी

- लाडली बहना योजना से महाराष्ट्र सरकार को मिली बड़ी सफलता
- महिलाओं को फरवरी की 8वीं किस्त का है बेसब्री से इंतजार
- 2.5 लाख रुपये से अधिक आय वाली महिलाएं होंगी अपात्र

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र सरकार की ओर से महिलाओं के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहना योजना पूरे राज्य में सुपरहिट हो गई है। विधानसभा चुनाव के दौरान यह योजना गेम चेंजर बन गई और सरकार को बड़ी सफलता मिली। राज्य सरकार ने अब तक प्रदेश की 21 से 65 वर्ष आयु वर्ग की पात्र महिलाओं को मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना के तहत 7 किस्तें वितरित की जा चुकी हैं। इस दौरान पात्र महिलाओं को 1500 रुपये हर महीने दिए गए। अब जब सभी लाडली बहनें इस बात को लेकर उत्सुक हैं कि फरवरी की 8वीं किस्त कब रिलीज होगी? तो आइए सबसे बड़ी खबर पर विस्तार से नजर डालते हैं।लाडली बहना योजना में फरवरी महीने की 8वीं किस्त कब आएगी?मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना के तहत पात्र महिलाओं के बैंक खातों में अब तक कुल सात किस्तें जमा की जा चुकी हैं। अब महिला लाभार्थियों को फरवरी की आठवीं किस्त का इंतजार है। चूंकि आवेदन का सत्यापन किया जाएगा, इसलिए उनके मन में यह डर है कि आठवें महीने में पैसा आएगा या नहीं। दरअसल जिन महिलाओं ने नियमों से हटकर इस योजना का लाभ उठाया है, उन्हें इस योजना से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। लाडली बहना योजना की फरवरी महीने की आठवीं किस्त 24 फरवरी से सभी पात्र लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में जमा होनी शुरू हो जाएगी। बताया गया है कि वित्त मंत्री अजीत पवार ने इसके लिए संबंधित विभाग को पैसा ट्रांसफर कर दिया है। लाडली बहना योजना पर सरकार की सख्तीमहाराष्ट्र सरकार ने अब मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना के लिए कुछ मापदंड लागू किए हैं। सरकार अब इसके लिए कुछ सख्त कदम उठाने जा रही है। इसलिए ये नए मापदंड लागू किए जाएंगे ताकि सभी पात्र और जरूरतमंद महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकें। लाडली बहना योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को अब हर साल जून में बैंक जाकर ई-केवाईसी कराकर प्रमाण पत्र लेना होगा। इसके लिए 1 जून से 1 जुलाई के बीच ई-केवाईसी कराना होगा।कौन सी महिलाएं 8वीं किस्त से होंगी वंचित?लाडली बहना योजना के तहत जिन महिलाओं ने अन्य सरकारी योजनाओं का भी लाभ लिया है और जिनकी आय 2.5 लाख रुपये से अधिक है, उन्हें इस योजना से बाहर रखा जाएगा और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। इस योजना की लगभग 16.5 लाख महिला लाभार्थियों के खातों में सीधे पैसा भेजे जाने के बाद उनके आवेदनों में दिए गए नामों और जिन बैंक खातों में पैसा जमा किया गया, उनके नामों में विसंगति पाई गई।ऐसे लाभार्थियों के आवेदनों की जिला स्तर पर पुनः जांच की जाएगी और अपात्र पाए जाने पर उन्हें लाडकी बहिनी योजना के लिए अपात्र घोषित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# मोनालिसा की फिल्म शुरू होने से पहले ही फंसी, डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने दर्ज कराया केस

- मोनालिसा की फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' विवादों में घिरी
- आरोप है कि आरोपियों ने फिल्म को रोकने की कोशिश की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा को लेकर फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' बनाने का ऐलान करने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा ने बड़ा कदम उठाया है। सनोज मिश्रा ने मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में पांच लोगों के खिलाफ FIR दर्ज कराई है। इन लोगों पर मिश्रा को बदनाम करने और फिल्म को रोकने की कोशिश का आरोप है। सनोज मिश्रा पर 10 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म के लिए मोनालिसा को लाखों रुपये फीस देने के बावजूद कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। इस ऋकफ में वसीम रिजवी (जितेंद्र नारायण त्यागी), रवि सुधा चौधरी, माही आनंद, मारुत सिंह और एक यूट्यूब चैनल के मालिक अभिषेक उपाध्याय का नाम शामिल है। मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में केस दर्ज

# मध्य रेल ने 14वें वार्षिक वृक्ष, पुष्प, फल एवं सब्जी शो-2025 में सामूहिक प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार जीता

## 62वें वार्षिक सब्जी, फल एवं फूल शो – 2025 में उपविजेता चैम्पियनशिप ट्रॉफी जीती

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अ. 14वें वार्षिक वृक्ष, पुष्प, फल एवं सब्जी शो-2025 में प्रथम पुरस्कार

मध्य रेल ने वृक्षावली-2025, 14वें वार्षिक वृक्ष, फूल, फल और सब्जी शो-2025 में सामूहिक प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार जीता है। इस प्रतियोगिता का आयोजन ठाणे नगर निगम वृक्ष प्राधिकरण एवं उद्यान विभाग द्वारा 14 से 16 फरवरी 2025 तक रेमंड रेस ट्रैक, ठाणे में किया गया।

मध्य रेल ने 15 श्रेणियों में पुरस्कार जीते, जिनमें शामिल हैं:

2 प्रथम पुरस्कार - एक सामूहिक प्रदर्शन के लिए और दूसरा कंटेनर में उगाए गए मौसमी पौधों के लिए।

5 द्वितीय पुरस्कार झ गमलों में पत्तेदार पौधे, गमलों में फूलों वाले पौधे, मौसमी कटे हुए फूल, सुगंधित पौधे, तथा ऑन-द-स्पॉट लैंडस्केप के लिए।

8 तृतीय पुरस्कार झ धूप में सामूहिक प्रदर्शन, छांव में समूह प्रदर्शन, कैक्टस और ब्रोमेलिएड्स, ब्रोमेलिएड्स, ऑर्किड, गुलाब (एच.टी.), गुलाब (लघु) और गमलों में उगाए गए एवेन्यू पेड़ के लिए।

इ. 62वें वार्षिक सब्जी, फल और पुष्प प्रदर्शनी- 2025 में रनर अप चैम्पियनशिप ट्रॉफी

मध्य रेल ने 8 और 9 फरवरी 2025 को डीजी रूपारेल कॉलेज, माटुंगा, मुंबई में नेशनल सोसाइटी ऑफ फ्रेंड्स ऑफ द ट्रीज द्वारा आयोजित 62वें वार्षिक सब्जी, फल और पुष्प प्रदर्शनी-2025 में रनर अप चैम्पियनशिप ट्रॉफी जीती है।

मध्य रेलवे ने 9 श्रेणियों में पुरस्कार जीते जिनमें शामिल हैं:

डॉ. चंद्रकांत सालुंके रोलिंग ट्रॉफी झ सामूहिक प्रदर्शन के लिए उपविजेता टीम को प्रदान की गई।

डी. ए. रोडे रोलिंग ट्रॉफी (सर्वश्रेष्ठ बगीचा श्रेणी में प्रथम पुरस्कार) जीएम बंगला गार्डन के लिए।

फ्रेंड्स ऑफ ट्रीज रोलिंग ट्रॉफी (प्रथम पुरस्कार) झ बधवार पार्क गार्डन के लिए।

अन्य पुरस्कारों में शामिल हैं

छायादार स्थिति के सामूहिक प्रदर्शन के लिए पालेकर एंड कंपनी रोलिंग ट्रॉफी

कंटेनरों में उगाए गए फलों और सब्जियों के लिए थिया सी श्रॉफ रोलिंग ट्रॉफी

कंटेनरों में उगाए गए वार्षिक पौधों के लिए नाइट फ्रैंक रोलिंग ट्रॉफी

गमलों में फूलदार पौधों के लिए रायका जे गोदरेज रोलिंग ट्रॉफी

कटे हुए फूलों के द्विवार्षिक और बारहमासी पौधों के लिए फ्रेंड्स ऑफ ट्रीज रोलिंग ट्रॉफी

मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री धर्मवीर मीना ने मध्य रेल बागवानी टीम को उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी और प्रोत्साहन के शब्दों के साथ उन्हें अपना अच्छा काम जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

इन शो में 200 से अधिक पौधों की प्रजातियाँ प्रदर्शित की जाती हैं, जिनमें 5000 से अधिक पौधे शामिल होते हैं, जैसे झ इनडोर, आउटडोर, औषधीय, सुगंधित, फर्न, ऑर्किड, हैंगिंग बास्केट, वर्टिकल गार्डन, बोन्साई, कैक्टस आदि।

इन वार्षिक शो में लगभग 1.5 से 2 लाख आगंतुकों की भारी उपस्थिति दर्ज की जाती है, जिसमें सेंट्रल रेलवे, वेस्टर्न रेलवे, गोदरेज, एचपीसीएल, हीरानंदानी, आरसीएफ, बीएमसी, कैक्टस और बोनसाई सोसाइटीज आदि जैसे प्रसिद्ध संगठन, संस्थान और कंपनियाँ बड़ी संख्या में इंडिविजुअल प्रतिभागियों के साथ भाग लेती हैं।

# मध्य रेल की रेल विद्युतीकरण के 100 वर्ष प्रदर्शनी को भारी समर्थन- 15 लाख से अधिक दर्शकों कि उपस्थिति

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल ने 3 फरवरी 2025 को रेलवे विद्युतीकरण के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस मील के पत्थर को मनाने के लिए, इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के विकास को दर्शाने वाली एक प्रदर्शनी सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया - जिसमें अतीत, वर्तमान और भविष्य की झलक दिखाई गई। मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री धर्मवीर मीना का महाराष्ट्र की पारंपरिक शैली में, महाराष्ट्र के लोक नृत्य लेज़िम की लयबद्ध धुनों के साथ स्वागत किया गया, उन्होंने अपर महाप्रबंधक, प्रधान प्रमुख विभागाध्यक्ष और मध्य रेल के अधिकारियों की उपस्थिति में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) में 03.02.2025 से 13.02.2025 तक आयोजित रेलवे विद्युतीकरण के 100 वर्ष प्रदर्शनी में 15 लाख से अधिक आगंतुकों की भारी उपस्थिति दर्ज की गई। इसमें 69,220 लोगों ने आगंतुक पुस्तिका में अपना नाम दर्ज कराया और 16,180 आगंतुकों ने प्रतिक्रिया दी। 8 फरवरी (शनिवार) और 9 फरवरी (रविवार) को सप्ताहांत होने के कारण क्रमशः 2.10 लाख और 1.80 लाख आगंतुकों की अविश्वसनीय संख्या देखी गई। प्रदर्शनी में सूचनात्मक डिस्प्ले बोर्ड, एक लघु फिल्म, लघु कार्यशील मॉडल और तकनीकी प्रगति को उजागर करने वाले विभिन्न प्रदर्शन शामिल थे। प्रदर्शनों में शामिल थेः

डायमंड पेंटोग्राफ का प्रदर्शन।

WCM5 के कार्यशील मॉडल का प्रदर्शन।

ईएमयू संकेतकों के पुराने प्रदर्शन का प्रदर्शन।

25 केवी एसी ओएचई प्रणाली के कामकाज का मॉडल।

सूचना और विवरण के प्रदर्शन के साथ पहले इलेक्ट्रिक लोको ईए1 (डब्ल्यूसीपी1) की मूल व्हील डिस्क।

हेरिटेज मैनुअल के प्रदर्शन के तहत रखरखाव मैनुअल, निरीक्षण नोट, लोको पुस्तकें।

इलेक्ट्रिक इंजनों की यात्रा की डिस्प्ले स्क्रीन।

ईएमयू कोचों की विभिन्न श्रेणियों के मॉडल।

डीसी प्रणाली का अवलोकन।

रेल परिवहन डिस्प्ले बोर्ड में बीएचईएल।

विंटेज आइटम -विभिन्न पुराने विद्युत संबंधी उपकरणों का प्रदर्शन।

पुश-पुल ट्रेन की कार्यप्रणाली।

विभिन्न लघु इलेक्ट्रिक लोको के मॉडल और बहुत कुछ।

प्रदर्शनी देखने वालों में दैनिक यात्री, कार्यालय जाने वाले, व्यवसायी, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में सवार होने वाले यात्री, स्कूल और कॉलेज के छात्र, भारतीय और विदेशी पर्यटक, रेलवे कर्मचारी, रेलवे के प्रति उत्साही और रेल प्रशंसक शामिल थे।

प्रदर्शनी में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के कई मीडियाकर्मियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में यूट्यूबर भी शामिल हुए।कई लोगों ने प्रदर्शनी को एक से अधिक बार देखा और अपने परिवार और दोस्तों को भी दोबारा प्रदर्शनी देखने के लिए साथ लाए।रेलवे की इस प्रदर्शनी को देखना पुरानी यादों को ताजा करने जैसा था और सभी यात्रियों के लिए पुराने दिनों को फिर से जीने का मौका था। यह वास्तव में जीवन भर का अनुभव था।

# रेलवे विद्युतीकरण के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भुसावल मंडल में विशेष खेल प्रतियोगिता का आयोजन






भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

भुसावल, भारतीय रेलवे द्वारा रेलवे विद्युतीकरण के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भुसावल मंडल के पथज्योत रेलवे खेलकूद मैदान में एक विशेष खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शासकीय माध्यमिक आश्रम स्कूल सोनबर्डी, पळसखेडा, गंगापुरी, लालमाती, धनखेडा, वाघझिरा, डोंगर कोठरा, चांदसर, दहीवद और पिंगळवाडे के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का थीम ह्लसदी की रफ्तारह्न रखा गया, जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, 3 लेग्ड रेस और बॉल बकेट प्रतियोगिता जैसी विभिन्न खेल स्पधाएं आयोजित की गईं। नव विकसित सिंथेटिक ट्रैक पर हुए इन खेलों में विद्यार्थियों ने अपनी गति, कौशल और शक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती ईती पांडेय की उपस्थिति में इस समारोह का शुभारंभ मशाल प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे बाल एथलीटों द्वारा सिंथेटिक ट्रैक पर घुमाया गया। यह आयोजन रेलवे खेल विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बना। खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। विशेष रूप से वाघझिरा स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ट्रॉफी प्राप्त की, जिसे मंडल रेल प्रबंधक द्वारा प्रदान किया गया। इसके अलावा, भुसावल मंडल द्वारा सभी आश्रम स्कूल के विद्यार्थियों को रनिंग शूज वितरित करने की घोषणा की गई, जिससे उनकी खेल प्रतिभा को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन) श्री सुनील कुमार सुमन, अपर मंडल रेल प्रबंधक (तकनीकी) श्री एम. के. मीणा, वरिष्ठ शाखा अधिकारी, खेलकूद पदाधिकारी और मंडल के कर्मचारी उपस्थित थे। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना, उनकी शारीरिक एवं मानसिक क्षमता को सुदृढ़ करना तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का अनुभव प्रदान करना था। यह आयोजन सभी प्रतिभागियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरा।

# शेड के नीचे सो रहे थे मजदूर, माफिया ने पलट दी ट्रक भर रेत, महाराष्ट्र के जालना में जिंदा दबकर 5 मजदूरों की मौत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



जालना : महाराष्ट्र के जालना में एक बड़ा हादसा हुआ। शनिवार को एक निर्माण स्थल पर बने श्रमिकों के अस्थायी शेड पर ट्रक से गिराए गए रेत के कारण उसमें सो रहे पांच मजदूरों की दबकर मौत हो गई, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना जाफराबाद तहसील के पासोडी-चंदोल में एक पुल परियोजना स्थल पर तड़के हुई। उन्होंने बताया कि मजदूर निर्माण स्थल पर बने एक अस्थायी शेड में सो रहे थे कि तभी ड्राइवर रेत से भरा टिपर ट्रक लेकर वहां पहुंचा और उसने अनजाने में वहीं शेड पर ही पूरा रेत गिरा दिया जिससे मजदूर उसके नीचे दब गए।घटना के बाद ड्राइवर भागासूत्रों के अनुसार, रेत के भार से शेड ढह गया, जिसके बाद ट्रक ड्राइवर घटनास्थल से भाग गया। अधिकारी ने बताया कि मलबे से एक लड़की और एक महिला को बचा लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और ड्राइवर का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।इन लोगों की हुई मौतमृतकों की पहचान गणेश काशीनाथ धनवई (50) और भूषण गणेश धनवई (17), छत्रपति संभाजीनगर के सिल्लोड तहसील के गोलेगांव। राजेंद्र दगडूबा वाघा (40), बुलढाणा के दहीद। सुनील सपकाल (20), जालना के भोकरदान की पद्मावती और सुपादु अहेर (38), जळगाव के जामनर के टोंडापुर के रूप में हुई है।

# लोकाधिकार सेवा समिति द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर में 6160 लोगों को बांटा निःशुल्क चश्मा लाभार्थियों के चेहरे पर आई मुस्कान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क / आदेश मिश्र





कादीपुर/ लोकाधिकार सेवा समिति, बरौसा द्वारा सुलतानपुर स्थित कादीपुर ब्लाक परिसर में रविवार को मुफ्त नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण समारोह राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर शुक्ल बेबी भइया के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि कादीपुर विधायक राजेश गौतम ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कादीपुर विधायक राजेश गौतम ने कहा कि जिले के प्रख्यात समाजसेवी चन्द्रशेखर शुक्ल बेबी भइया ने आज कादीपुर ब्लाक परिसर में सेवाभाव का प्रकटीकरण करते हुए यह विशाल शिविर आयोजित कर क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के जीवन में रोशनी बिखेरने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं हम इनका स्वागत करते हैं। कादीपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ श्रवण मिश्र सहित अनेक गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये। मुफ्त नेत्र परीक्षण शिविर में लखनऊ सुल्तानपुर के प्रख्यात चिकित्सकों की टीम द्वारा 6160 लोगों का परीक्षण किया गया और मानक के अनुरूप उन्हें चश्मा वितरण किया गया। लोकाधिकार सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर शुक्ल ने बताया कि संस्थान द्वारा विगत 19 वर्षों से समय-समय पर लोक कल्याणार्थ तमाम लाभकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को दिया जा रहा है। रविवार को कादीपुर ब्लाक परिसर में यह नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कर क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को समिति द्वारा सेवायें प्रदान की जा रही है। गौरतलब है कि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ल बेबी भइया द्वारा सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह मे अभी तक लग भग 1251, कन्याओं का विवाह संपन्न करा चुके हैं कार्यक्रम में लोकाधिकार सेवा समिति के राष्ट्रीय सचिव प्रभाकर शुक्ल रिंकू भइया, कादीपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ श्रवण मिश्रा, बार एसोसिएशन कादीपुर अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष दयाराम पांडेय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ सी बी शुक्ल, करौदी ब्लॉक प्रमुख सर्वेश मिश्र, जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ल, एनआईसी प्रवक्ता अजय बहादुर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार केशव प्रसाद मिश्र, रितेश दुबे पप्पु, पत्रकार सूर्य प्रकाश तिवारी, अमरीश मिश्र, रमाकांत बरनवाल, बिजय गिरी, सभाजीत पांडेय, रोहित उपाध्याय, अधिवक्ता दयाराम पांडेय, सुभाष त्रिपाठी, आई पी पांडेय, अधिवक्ता प्रवीण शुक्ला, अभिषेक पांडेय, अमर बहादुर तिवारी, विश्वनाथ मिश्रा, उमाशंकर मिश्र, आदेश मिश्र, प्रधान नीरज पांडेय, संदीप दुबे, नवीन सिंह, राहुल शुक्ला, संजय शुक्ला, हरीश दुबे, सुनील वर्मा, अरुण बर्मा, पंच बहादुर वर्मा, प्रधान विक्की यादव, संजीत सिंह, महेश तिवारी, हैपी पांडेय, अंजनी यादव, मिठू शुक्ला, बबलू तिवारी, आकाश दुबे, प्रदीप जयसवाल, अमर बहादुर सिंह, दीपक शुक्ल, कृष्णा सिंह, गुरु प्रसाद मिश्र सहित क्षेत्र के कई सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित थे और अधिवक्ता सभाष त्रिपाठी, आचार्य नीरज मिश्र ने कार्यक्रम मे मंच संचालन किया.


महाराष्ट्र सरकार

कार्यकारी अभियंता, एकीकृत इकाई (सा.नि.) विभाग, का कार्यालय

ईमेल :- integratedmumbai.ee@mahapwd.com

दूरभाष क्र. 22016974 फैक्स क्र. 22016976

ई-निविदा सूचना क्र. 59 वर्ष 2024-25

कार्यकारी अभियंता, एकीकृत इकाई (सा.नि.) विभाग, फोर्ट, मुंबई - 01 (दूरभाष क्र. 22016974/76) महाराष्ट्र सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा उचित श्रेणी के पंजीकृत आंतरिक सजावट ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए 'ब-9' प्रारूप में ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से (ऑनलाइन) निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. निविदा दस्तावेज सरकारी वेबसाइट http://mahatenders.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं. साथ ही, निविदा स्वीकार करने या अस्वीकार करने का अधिकार कार्यकारी अभियंता, एकीकृत इकाई (सा.नि.) विभाग, फोर्ट, मुंबई के पास सुरक्षित है. शर्तयुक्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी.

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि रुपये |
|---|---|---|
| 1 | मुंबई स्थित सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के अपना बॉयज़ हॉस्टल इमारत के 5वें तल पर कमरा क्रमांक 1 से 8 और कमरा क्रमांक 27 से 34 में आंतरिक फिटिंग के लिए MOW अपग्रेडेशन और नवीनीकरण करना | 4142550/- |
| 2 | मुंबई स्थित सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के अपना बॉयज़ हॉस्टल इमारत के 5वें तल पर कमरा क्रमांक 9 से 17 में आंतरिक फिटिंग के लिए MOW अपग्रेडेशन और नवीनीकरण करना | 3472118/- |
| 3 | मुंबई स्थित सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के अपना बॉयज़ हॉस्टल इमारत के 6वें तल पर कमरा क्रमांक 1 से 8 और कमरा क्रमांक 27 से 34 में आंतरिक फिटिंग के लिए MOW अपग्रेडेशन और नवीनीकरण करना | 4141972/- |
| 4 | मुंबई स्थित सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के अपना बॉयज़ हॉस्टल इमारत के दूसरे तल पर कमरा क्रमांक 9 से 17 में आंतरिक फिटिंग के लिए MOW अपग्रेडेशन और नवीनीकरण करना | 3471497/- |
| 5 | मुंबई स्थित सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के स्किन वी.डी. और टी.बी. विभाग इमारत के वार्ड क्रमांक 34 में आंतरिक फिटिंग के लिए MOW प्रदान करना और मरम्मत करना | 3663585/- |
| 6 | मुंबई स्थित जे.जे. हॉस्पिटल परिसर के रक्त बैंक पुनर्जीवन विभाग के एलएचएस और आरएचएस तरफ के रास्ते की मरम्मत और नवीनीकरण करना। | 2487299/- |
| 7 | मुंबई स्थित जे.जे. हॉस्पिटल परिसर के रक्त बैंक पुनर्जीवन विभाग के कक्ष क्रमांक 25अ, 26अ, 27अ और 28अ की मरम्मत और नवीनीकरण करना | 2477964/- |
| 8 | मुंबई स्थित जे.जे. हॉस्पिटल परिसर के रक्त बैंक पुनर्जीवन विभाग के एचओडी केबिन तरफ की मरम्मत और नवीनीकरण करना | 2482407/- |
| 9 | मुंबई स्थित जे.जे. हॉस्पिटल परिसर के रक्त बैंक पुनर्जीवन विभाग के पूर्व और पश्चिम तरफ के रास्ते की मरम्मत और नवीनीकरण करना | 2463765/- |
| 10 | मुंबई स्थित जे.जे. हॉस्पिटल परिसर की मुख्य इमारत में रक्त बैंक पुनर्जीवन विभाग की फॉल्स सीलिंग की मरम्मत और नवीनीकरण करना | 2452844/- |

(कुल 10 कार्य)

ई-निविदा उपलब्धता अवधिः दि. 24/02/2015 सुबह 10.30 से दि. 03/03/2025 को 15.00 तक

ई-निविदा खोलना (संभव होने पर): दि. 05/03/2025 को 15.05 बजे

निम्नलिखित वेबसाइटों पर ई-निविदा की सभी जानकारी उपलब्ध है:

1. http://mahapwd.com 2. http://mahatenders.gov.in

2. कार्यकारी अभियंता, एकीकृत इकाई (सा.नि.) विभाग, फोर्ट मुंबई कार्यालय का सूचना पट्ट

पत्र क्र.एइ(सा.नि.)/निविदा/1116

कार्यकारी अभियंता का कार्यालय, एकीकृत इकाई (सा.नि.) विभाग, निर्माण भवन,

2रा तल, 25 मर्झबान पथ, फोर्ट, मुंबई- 400 001.

दूरभाष क्र. 022-22016974/76

दिनांकः 20/02/2025

हस्ता./-

कार्यकारी अभियंता,

एकीकृत इकाई (सा.नि.) विभाग,

मुंबई - 400 001

DGIPR/2024-2025/6612

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रतापगढ़ ( उप्र ), मान्धाता विकास खण्ड क्षेत्र के शहीद भगत सिंह एजुकेशनल एकेडमी विश्वनाथगंज में वार्षिकोत्सव समारोह सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमंत नन्दन ओझा विशिष्ट अतिथि डा पीयूष शर्मा, डा बृज भानू सिंह रहे। मुख्य अतिथि हेमंत नन्दन ओझा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में पहुचकर इन छोटे छोटे बच्चों को देखकर बचपन की पुरानी यादें ताजी हो जाती है। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के अन्दर छुपी प्रतिभा को निखारने के अवसर मिलता है।इन्ही बच्चों में मेनहत करने वाला बच्चा एक दिन डाक्टर, इन्जिनियर, बनेगा और देश के लिए सेवा करता हुआ बाडर पर डटा मिलेगा।कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे ने गीत, भक्ति गीत, नाटक, ग्रुप डांस, नृत्य प्रस्तुत करके आये हुए लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि आये हुए अतिथियों का स्वागत प्रबंधक पूनम पांडेय व स्कूल अध्यक्ष अखिल नारायण सिंह ने किया। कार्यक्रम रिया, सिर्या , विशाल, रितिका, आरोही, अवरव, तृशा, विनय, शिवानी, खुशी, शिव नायक, अदिति, इशा, आदि बच्चों ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब अध्यक्ष पवन सिंह, पत्रकार अवनीश मिश्रा, पत्रकार मो इश्तियाक, पत्रकार प्रभाकर राय, अम्बुज शर्मा, कुन्दन पटेल, अनुज राव, अतुल यादव, सुरेश महराज, जन्मेजय सिंह, धर्मेंद्र दुबे, निखिल शुक्ला, अंजनी तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# निर्माण पेशेवरों, वास्तुकारों, उद्यमियों, व्यापारियों के साथ बातचीत मनपा आयुक्त ने किया संवाद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




नवी मुंबई , मनपा क्षेत्र में उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों और व्यापारियों की समस्याएं जानने के लिए मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे की ओर से मनपा मुख्यालय में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इसमें आयुक्त ने उपस्थित उद्यमियों एवं व्यवसायियों से बातचीत कर प्रशासनिक स्तर पर आ रही कठिनाइयों के बारे में जाना तथा संबंधित विभागों को शीघ्रता से निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मनपा के सिटी इंजीनियर शिरीष अरडवाड. निदेशक शहरी नियोजन श्री सोमनाथ केकन उपस्थित थे। इस बैठक में एमआईडीसी, एपीएमसी मार्केट के साथ-साथ ठाणे बेलापुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, क्रेडाई एमसीएचआई नवी मुंबई बिल्डर्स एसोसिएशन, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट एसोसिएशन, केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन, होलसेलर्स एसोसिएशन, नवी मुंबई ट्रेडर्स एसोसिएशन आदि के पदाधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर आयुक्त ने सभी संस्था प्रतिनिधियों द्वारा व्यक्त की गयी कठिनाइयों एवं सुझावों को जाना तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये। मनपा क्षेत्र में उद्योग-धंधे करने वाले तत्वों के कारण शहर का महत्व बढ़ने की बात बताते हुए आयुक्त ने कहा कि इन तत्वों से नियमित संवाद बनाए रखने के लिए भविष्य में भी नियमित रूप से ऐसी बैठकें आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर आयुक्त ने कहा कि उद्योगों, निर्माण एवं व्यवसाय के लिए आवश्यक विभिन्न परमिट एवं प्रमाण पत्र शीघ्र एवं सुगमता से प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाकर कार्य प्रणाली में सुधार एवं गति लाने के लिए वन विंडो अवधारणा के अनुसार कार्यवाही की जा रही है। पुनर्विकास के तहत निमार्णों के कारण भविष्य में शहर की आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, आयुक्त ने एक बार फिर सभी से कहा कि शहर की भविष्य की पानी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए और पीने के पानी को बचाने के लिए मनपा के अत्याधुनिक सीवेज उपचार केंद्रों से शुद्ध और पुनर्नवीनीकरण पानी का उपयोग निर्माण और पीने के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए। आयुक्त ने अवगत कराया कि कुछ कार्य सामाजिक दायित्व के रूप में करने की जरूरत है। सिटीजन फीडबैक, जो स्वच्छ सर्वेक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से शुरू किया गया है और नागरिक https:// sbmurban.org/feedback लिंक पर क्लिक करके ऐप पर शहर की स्वच्छता के बारे में अपनी प्रतिक्रिया दर्ज कर सकते हैं। नवी मुंबई के प्रत्येक नागरिक से अनुरोध किया गया है कि वह अपने मोबाइल फोन से शहर की सर्वोत्तम रेटिंग के लिए सर्वेक्षण में पूछे गए 10 प्रश्नों के सर्वोत्तम उत्तर देकर अपने शहर की रेटिंग बढ़ाएँ। बैठक में इसकी जानकारी दी गयी तथा फीडबैक दर्ज कर प्रदर्शित किया गया। इस प्रकार, यह सुझाव दिया गया कि हर किसी को अपने परिवार, दोस्तों, कार्यालय सहयोगियों को अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। ऐसे में बिल्डरों, उद्यमियों, व्यापारियों, व्यवसायियों ने आयुक्त द्वारा विशेष बैठक बुलाकर समस्याओं को जानने और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन देने पर आभार व्यक्त किया है।

फास्ट ट्रैक

# सड़क हादसे में बाइक सवार भाई-बहन की मौत

## पत्नी गंभीर, बहन की नन्द की शादी में जाते समय हुआ हादसा

शाहजहांपुर, पसगवां थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार भाई-बहन की मौत हो गई। शाहजहांपुर के थाना खुटार क्षेत्र के बुजिया गांव निवासी 25 वर्षीय सियाराम अपनी 18 वर्षीय बहन कलावती और पत्नी किरन के साथ बाइक से कुनसड़ा गांव जा रहे थे। रात महमदपुर गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने घायलों को राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने सियाराम और उनकी बहन कलावती को मृत घोषित कर दिया। किरन का इलाज जारी है। तीन साल पहले विवाह करने वाले सियाराम मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। तीनों अपनी बहन की नन्द की शादी में जा रहे थे। हादसे की खबर मिलते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। रोते-बिलखते परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# जान जोखिम में डालकर बाइकर्स बना रहे रील्स

## कभी अगला तो कभी पिछला पहिया हवा में उड़ाते, बाइक स्लिप होने से एक घायल

शाहजहांपुर, तीन युवकों ने रील्स बनाने के लिए सड़कों पर खतरनाक बाइक स्टंट किए। पहले उन्होंने अजीजगंज मोहल्ले में और फिर ककरा रोड स्थित पार्क के पास स्टंट किया। बाइकर्स ने अपनी मोटरसाइकिल का अगला और पिछला पहिया हवा में उठाकर खतरनाक करतब दिखाए। वे बिना हाथ के और एक पैर बाइक पर रखकर भी स्टंट करते रहे। इस दौरान दो बाइक आपस में टकराने से बाल-बाल बची। स्टंट के दौरान एक बाइकर की मोटरसाइकिल तेज रफ्तार में फिसल गई। बाइक करीब दस मीटर तक घिसटती हुई एक खंभे के पास जाकर रुकी, जिससे बाइकर घायल हो गया। बाइकर्स ने बताया कि वे ब्लॉग बनाते हैं और रील्स अपलोड करते हैं। उनके अभी फॉलोअर्स कम हैं, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि धीरे-धीरे बढ़ जाएंगे। यातायात निरीक्षक विनय पांडेय ने कहा कि स्टंट करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।



# भांजी की शादी से लौट रहे युवक की मौत


## ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई बाइक, 5 बच्चों के पिता की इलाज के दौरान मौत

शाहजहांपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में लखीमपुर के एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना उचौलिया क्षेत्र के मठ बालदेवता निवासी मनोज ( 35 ) के रूप में हुई है। मनोज 20 फरवरी को महमदपुर में अपनी भांजी की शादी में गए थे। उनका परिवार दिन में ही घर लौट गया था। मनोज देर रात बाइक से अकेले घर लौट रहे थे।

# उल्हासनगर विधायक कुमार आयलानी ने प्रधानमन्त्री आवास योजना के तहत 73 लोगों को घरों का मंजूरी पत्र दिया

- लाभार्थियों का जीवन स्तर बेहतर करने की दिशा में सराहनीय कदम।
- देशभर में महाराष्ट्र ने सबसे ज्यादा घर आवंटित किए।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





उल्हासनगर. प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार की एक ऐसी जनहितकारी योजना है जिसके द्वारा नगरों और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले निर्धन लोगों को उनकी क्रयशक्ति के आधार पर घर प्रदान किए जाते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण में स्थानीय विधायक कुमार आयलानी ने शनिवार को ग्रामीण भागों में रहने वाले जरूरतमंद निर्धन लोगों को घर देने के लिए मंजूरी पत्र सौंपा। उन्होंने शनिवार को शहर के ग्रामीण क्षेत्र में आने वाले म्हारल, वरप व कांबा गांव के 73 लाभार्थियों को मंजूरी पत्र सौंपा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाले मंजूरी पत्र को पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे और उन्हें भी अपने और अपने परिवार के लिए आवास का सपना साकार होते हुए दिखा। प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण में उल्हासनगर के ग्रामीण भागों में शनिवार को कुल 73 घरों के मालिकों को मंजूरी पत्र दिए गए। शनिवार को विधायक कुमार आयलानी ने प्रधानमन्त्री आवास योजना के मंजूरी पत्र वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत सबसे पहले कांबा गांव में पहुंचे और वहां पर 50 लाभार्थियों को आवास योजना के मंजूरी पत्र सौंपे। इसके पश्चात वरप गांव में 6 लोगों को तथा म्हारल गांव में 17 लोगों को उनके द्वारा मंजूरी पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम के दौरान सभी गांव के सरपंच व अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना मंजूरी पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विधायक कुमार आयलानी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना का लक्ष्य आर्थिक रूप से समाज के सबसे निचले तबके के लोगों को आवास उपलब्ध करवाना है ताकि उनका जीवन स्तर सुधर सके और वो भी स्वाभिमान से जीवन जी सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस दोनो का लक्ष्य यही है कि गरीबों के चेहरों पर मुस्कान आ सके और वो बेहतर जीवन जी सकें।महाराष्ट्र में इस योजना के तहत देशभर में सबसे ज्यादा आवास बनाए गए हैं।उन्होंने आगे कहा कि उल्हासनगर विधानसभा के ग्रामीण भाग में कुल 73 लाभार्थियों को मंजूरी पत्र दिए गए हैं, जल्द ही सभी लाभार्थियों के पक्के घर होंगे और जो बचे हुए लोग हैं उन्हें भी जल्द ही मंजूरी पत्र मिलेगा। इस कार्यक्रम में कांबा गांव के सरपंच हरिदास गणेश सवार, उपसरपंच दत्ता भोईर, पूर्व सरपंच छाया बनकरी, वरप से हनुमंत भोईर, दीपाली भोईर, म्हारल से सरपंच योगेश देशमुख, दीपक आयरे, बेबी सांगळे, इनगला ताई इंगळे, अजय जाधव, अविनाश सुकरे, अमोल मुरबाडे समेत तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भयहरण नाथ धाम में 24 फरवरी से महाकाल महोत्सव , 25 फरवरी को पंचायत व विकास सम्मेलन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रतापगढ़ ( उप्र ) , जिले के कटरा गुलाब सिंह में प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में 25 वा महाकाल महोत्सव का होगा चार द्विवसीय भव्य आयोजन 24 फरवरी को किया गया है। भयहरण नाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान के महासचिव समाज शेखर ने बताया कि महाकाल महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में लगभग लगभग तैयारियां पूरी कर ली गई है जिसमें साफ, सफाई , लाइट सहित वाहनों की पार्किंग को लेकर व्यवस्था की गई है, श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इसको लेकर भय हरणनाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान द्वारा पुख्ता इंतजार किया गया है। महाकाल महोत्सव के शुभारंभ के साथ 24 फरवरी को सनातन संत सम्मेलन, 25 को पंचायत व विकास सम्मेलन तथा 27 फरवरी को होगा पत्रकार सम्मेलन का आयोजन/ 25 फरवरी की रात में विराट कवि सम्मेलन का होगा आयोजन किंतु 26 फरवरी महाशिवरात्रि को भीड़ को देखते हुए नहीं किए जाएंगे मंचीय आयोजन/ महाशिवरात्रि पर भयहरणनाथ धाम मंदिर परिसर में पुलिस महकमा भी रहेगा अलर्ट, अराजकता फैलाने वालों पर जेठवारा एसओ धर्मेंद्र सिंह की टीम पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रही है। कटरा गुलाब सिंह नगर पंचायत में स्थित भयहरण नाथ धाम में आयोजित भव्य महाकाल महोत्सव व सम्मेलन की जानकारी समाजसेवी, भयहरण नाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान के महासचिव समाज शेखर ने दी है।




# बाइक से टक्कर के बाद गड्ढे में गिरी कार

- शाहजहांपुर में 7 लोग घायल, महाकुंभ से लौट रहा था उत्तराखंड का परिवार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, लखनऊ-सीतापुर हाइवे पर एक सड़क हादसा हुआ। महाकुंभ से लौट रहे उत्तराखंड के एक परिवार की कार की टक्कर एक बाइक से हो गई। टक्कर के बाद कार सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में कार सवार सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। दो लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। उधम सिंह नगर निवासी मनोज कुमार अपने रिश्तेदार दिनेश चंद्र और परिवार के छह सदस्यों के साथ कार में सवार थे। इनमें तीन बच्चे भी शामिल थे। देर शाम को जब वे रोजा थाना क्षेत्र के वृंदावन ढाबे के पास पहुंचे, तभी वहां खड़े लखीमपुर के जसमाधि गांव निवासी बिंद्रा प्रसाद की बाइक से टक्कर हो गई। हादसे के बाद हाइवे पर कुछ देर के लिए जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारू करवाया। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि गड्ढे से कार को निकालने का काम चल रहा है। सभी घायलों का इलाज जारी है।

# पति की गैरमौजूदगी में महिला से छेड़छाड़

- युवक घर में घुसा, महिला की चीख सुन परिवार पहुंचा; आरोपी फरार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, महिला ने गांव के युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रोजा थाना क्षेत्र की महिला ने बताया कि जब उसके पति घर पर नहीं होते, तब आरोपी युवक उसके साथ छेड़छाड़ करता है। घटना में आरोपी उसके घर में घुस आया। महिला के चीखने पर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। आरोपी को देखते ही वह भाग निकला। पीड़िता ने बताया कि आरोपी शराब पीने और जुआ खेलने का आदी है। महिला के पति अक्सर काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं। शिकायत करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।



# 25-25 हजार के इनामी बदमाश गिरफ्तार

## अवैध तमंचा और कारतूस बरामद, दोनों पर 27 मुकदमे दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

तिलहर, शाहजहांपुर की खुदागंज पुलिस ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई में दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी एक ही गांव के रहने वाले हैं और प्रत्येक पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपियों की पहचान अखिलेश सिंह उर्फ छोटे लल्ला और अरुण सिंह के रूप में की है। दोनों कंधरापुर नवदिया गांव के निवासी हैं। अखिलेश के खिलाफ 23 और अरुण के खिलाफ 4 मुकदमे दर्ज हैं। खुदागंज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी कमलापुर गांव की पुलिया के पास मौजूद हैं। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उनके पास से 315 बोर का एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लंबे समय से प्रयास किए जा रहे थे। रविवार को पुलिस टीम को इस अभियान में सफलता मिली।



# पत्नी की प्रताड़ना से परेशान युवक ने दी जान

## संतान न होने पर मिलते थे ताने, पिता बोले– पत्नी ने एफआईआर करवाने की धमकी दी थी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, दर्दनाक घटना सामने आई है। थाना खुदागंज क्षेत्र के कायस्थान में 25 वर्षीय राजेश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनका शव कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। राजेश की शादी करीब 7 साल पहले निगोही क्षेत्र के कबीरपुर में हुई थी।

परिवार का कहना है कि संतान नहीं होने के कारण पत्नी और ससुराल वाले उन्हें लगातार ताने देते थे। राजेश संतान प्राप्ति के लिए अपना और पत्नी का इलाज भी करवा रहे थे। 8 दिन पहले पत्नी ने राजेश के साथ मारपीट की। जिसके बाद वो मायके चली गई। शुक्रवार को राजेश उन्हें विदा कराने गए। वहां पत्नी और ससुराल वालों ने उनके साथ मारपीट की। पत्नी ने एफआईआर दर्ज कराकर 2 लाख रुपए का जुमार्ना लगवाने की धमकी दी। इस धमकी से राजेश काफी डरे हुए थे। घर लौटकर राजेश ने अपने पिता को पूरी घटना बताई। पिता का आरोप है कि फोन पर भी उनके बेटे को धमकियां दी गईं। इसी मानसिक प्रताड़ना के चलते राजेश ने फांसी लगा ली। खुदागंज थाना प्रभारी के अनुसार, राजेश ने इससे पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार की तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शराब की लत ने युवक को बनाया चोर

## दोस्त के साथ मिलकर मकान में की चोरी, शराब पीने के लिए 5 हजार में बेचा लैपटॉप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, शराब पीने की लत ने एक युवक को चोर बना दिया। रामनगर कालोनी में 15 जनवरी की रात हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सदर बाजार थाना क्षेत्र के सैनिक कालोनी निवासी सलमान ने अपने दोस्त आमान के साथ मिलकर विकास कुमार शुक्ला के घर में चोरी की। दोनों ने घर से लैपटॉप, बाइक, आईपैड और मोबाइल चुराए। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इमली रोड से सलमान को पकड़ा। उसके पास से लैपटॉप, आईपैड और मोबाइल बरामद हुए। पूछताछ में सलमान ने बताया कि शराब पीने के लिए एक लैपटॉप को पांच हजार रुपए में बेच दिया था। थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि दो दिन पहले दूसरे आरोपी आमान को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अब सलमान को भी जेल भेजा जा रहा है।



# छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली:चलाया नशा मुक्ति अभियान



- नागरिकों को किया जागरूक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर , मीरानपुर कटरा में जमाअत ए इस्लामी हिंद के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान की जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्कूल, कॉलेज और मदरसे के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली से पहले कटरा अमीर हाफिज सलाहुद्दीन खान ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नशा और नशीली दवाओं का सेवन समाज को खोखला कर रहा है। जमाअत ए इस्लामी हिंद उत्तर प्रदेश (पश्चिम) की ओर से आयोजित इस रैली में स्वामी धर्मदेव प्रभाकर जनता इंटर कॉलेज, महर्षि दयानंद गायत्री इंटर कॉलेज और मदरसा दर्सगाह इस्लामियां के विद्यार्थी शामिल हुए।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह दोबारा हुए दफन

## लेबनान की राजधानी बेरूत के स्टेडियम में अंतिम विदाई; ईरान के स्पीकर शामिल हुए

एजेंसी



बेरूत, हिजबुल्लाह के चीफ रहे हसन नसरल्लाह को करीब 5 महीने बाद फिर से दफनाया जा रहा है। इजराइल ने नसरल्लाह को 27 सितंबर को लेबनान की राजधानी बेरूत में हवाई हमले में मार गिराया था। मौत के 7 दिन बाद उसे किसी सीक्रेट जगह पर दफन कर दिया गया था। अब उसे दक्षिणी बेरूत के एयरपोर्ट रोड के पास दफनाया जाएगा। बेरूत के कैमिली चामौन स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में नसरल्लाह को अंतिम विदाई दी जा रही है। इस स्टेडियम की क्षमता 50 हजार लोगों की है। नसरल्लाह की अंतिम विदाई में 65 देशों से लगभग 800 हस्तियां शामिल हो रही हैं। इसमें कई शिया ऑर्गेनाइजेशन के साथ-साथ ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बगैर गालिबाफ भी शामिल होंगे। इसके अलावा देश के अलग-अलग हिस्से से हजारों हिजबुल्लाह समर्थक पहुंचे हैं। हिजबुल्लाह इस कार्यक्रम के जरिए दुनियाभर में अपनी ताकत का प्रदर्शन करना चाहता है। इसलिए संगठन के नेता ज्यादा से ज्यादा लोगों से आने की अपील कर रहे हैं। हिजबुल्लाह नेता अली दामूश ने शनिवार को कहा- हर घर, गांव और शहर से आइए ताकि दुश्मन को हम बता सकें कि हमारा संघर्ष जारी रहेगा। नसरल्लाह के साथ सैयद हाशिम सफीउद्दीन का भी अंतिम सरकार होना है। सफीउद्दीन, नसरल्लाह का चचेरा भाई था और उसकी मौत के बाद हिजबुल्लाह का चीफ बना था। सफीउद्दीन को दक्षिणी लेबनान में उनके पैतृक घर डेर कानून एन-नहर में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। हसन नसरल्लाह को 4 अक्टूबर को ईरान में किसी सीक्रेट जगह दफनाया गया था। जिस वक्त नसरल्लाह को दफनाया गया, उसी वक्त ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने तेहरान की ग्रैंड मस्जिद में हिजबुल्लाह चीफ की याद में नमाज पढ़ी थी। इसके बाद उन्होंने मस्जिद में मौजूद हजारों की तादाद लोगों के सामने भाषण दिया था। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल ने नसरल्लाह को मारने के लिए 80 टन के बम का इस्तेमाल किया था। इजराइल के हमले के 20 घंटे बाद नसरल्लाह की डेड बॉडी को निकाला गया था।

उसके शरीर पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक नसरल्लाह की मौत बम धमाके के झटके से हुई थी। मौत के पीछे तेज धमाके से हुए ट्रॉमा को वजह माना गया था। रिपोर्ट के मुताबिक नसरल्लाह को मारने के लिए इजराइल ने 8 लड़ाकू विमान भेजे थे।

## पाकिस्तान में होली खेलने वाले हिंदू-मुस्लिम छात्रों पर एफआईआर

### करांची यूनिवर्सिटी ने कैंपस में एंट्री बैन की, नोटिस थमाया; कट्टरपंथियों ने भी धमकाया

एजेंसी




अमृतसर, पाकिस्तान में कराची की दाऊद यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में होली खेलने पर हिंदू और मुस्लिम छात्रों पर एफआईआर दर्ज करा दी गई है। 21 फरवरी को दोनों समुदाय के कुछ छात्रों ने यूनिवर्सिटी परिसर में होली का त्योहार मनाया था। इसके कुछ वीडियो भी सामने आए। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने होली खेलने वाले छात्रों को शोकॉज नोटिस जारी कर उनकी कैंपस में एंट्री तक बंद कर दी। साथ ही छात्रों को 24 फरवरी को पेरेंट्स के साथ यूनिवर्सिटी में पहुंचने को कहा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस घटना पर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। छात्रों को यूनिवर्सिटी से निकालने की चेतावनी दी गई है। इस्लामी कट्टरपंथियों ने होली खेलने के दौरान हिंदू छात्रों को डराने की कोशिश की।

# मेलोनी ने दुनिया के लेफ्ट लीडर्स को पाखंडी बताया

## इटली पीएम बोलीं- ये मोदी-ट्रम्प और मुझ पर कीचड़ उछालते हैं, पर जनता हमें चुनती है

एजेंसी




वॉशिंगटन डीसी, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने पूरी दुनिया के लेफ्टिस्ट लीडर्स को पाखंडी बताया है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में मोदी, ट्रम्प और मेरे जैसे दक्षिणपंथी नेताओं के उभरने से सारे लेफ्टिस्ट नेता परेशान हो गए हैं। मेलोनी ने कहा कि ये लेफ्ट का डबल-स्टैंडर्ड है और हमें इसकी आदत पड़ गई है। अच्छी बात ये है कि अब लोगों को भी इनके झूठ पर भरोसा नहीं रह गया है। वो हम पर कितना भी कीचड़ उछालें, लोग हमें वोट देते रहते हैं। मेलोनी अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी में कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस (सीपीएसी) में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ी थीं। यहां उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की तारीफ की। उन्होंने ट्रम्प को मजबूत नेता बताया। उन्होंने कहा कि लेफ्ट नेता राइट विंग लीडर्स के आगे बढ़ने से हताश हैं। खासतौर से तब से जब से ट्रम्प व्हाइट हाउस लौटे हैं। ट्रम्प के जीतने से लेफ्ट घबराया हुआ है। इस कॉन्फ्रेंस में ट्रम्प ने लगातार पांचवे दिन भारत में अमेरिका से दी जा रही चुनावी फंडिंग पर बात की। ट्रम्प ने कहा, 'भारत में चुनावों में मदद के लिए फंडिंग क्यों? क्यों न हम पुरानी पेपर बैलट प्रणाली पर लौट जाएं और उन्हें हमारे चुनावों में मदद करने दें?... उन्हें पैसे की जरूरत नहीं है।' बांग्लादेश में 250 करोड़ रुपए की फंडिंग पर उन्होंने कहा कि राजनीति को मजबूत करने और उनकी मदद करने के लिए दिए जा रहे हैं, ताकि वे एक कट्टरपंथी वामपंथी कम्युनिस्ट को वोट दे सकें। आपको देखना चाहिए कि उन्होंने किसका समर्थन किया।

> मेलोनी ने कहा– जब 90 के दशक में बिल क्लिंटन और टोनी ब्लेयर ने ग्लोबल लेफ्टिस्ट नेटवर्क बनाया था, तब उन्हें बहुत बड़ा नेता कहा गया। लेकिन जब आज ट्रम्प, मेलोनी, मिलेई और यहां तक कि मोदी बात करते हैं, तो वे इसे लोकतंत्र को खतरा बताते हैं।

# जर्मनी में आम चुनाव के लिए वोटिंग

## सर्वे में चांसलर शोल्ज पिछड़े, विपक्षी पार्टी के मत्ज की जीत के आसार; कट्टरपंथी एएफडी को बढ़त

एजेंसी



बर्लिन, जर्मनी में आम चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। सर्वे में मौजूदा चांसलर की सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (एसपीडी) पिछड़ती दिख रही है। विपक्षी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) के फ्रेडरिक मत्ज चांसलर रेस में आगे हैं। इनके अलावा, एलिस वीडेल की कट्टरपंथी ऑल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) को भी बढ़त मिल रही है। सर्वे के मुताबिक 29% लोग फ्रेडरिक मत्ज की पार्टी के समर्थन में है, वहीं कट्टरपंथी एलिस की पार्टी अऋऊ को 21% लोगों ने समर्थन दिया है। इनमें 60% से ज्यादा युवा हैं। 16% लोगों के समर्थन के साथ चांसलर शोल्ज की रढऊ तीसरे नंबर पर नजर आ रही है। वहीं सत्तारुढ़ गठबंधन में शामिल ग्रीन पार्टी को 12% व फ्री डेमोक्रेटिक पार्टी को 7% वोट मिल सकता है। ये दोनों किंग मेकर की भूमिका में आ सकती है। जर्मनी वोटिंग का समय सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक ( भारतीय समयानुसार दोपहर 12:30 बजे से रात 10:30 बजे तक) होगा। 8.4 करोड़ आबादी वाले देश में 6 करोड़ लोग आम चुनाव में वोटिंग करेंगे। वोटिंग खत्म होने के बाद एक्जिट पोल आएंगे। साथ ही वोटों की गिनती भी शुरू हो जाएगी। शुरूआती नतीजे वोटिंग खत्म होने के कुछ घंटे बाद ही साफ हो जाएंगे। सोमवार सुबह तक रिजल्ट की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। अमेरिकी कारोबारी वे टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक इलॉन मस्क के दखल ने भी चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। मस्क ने शानिवार को फिर कट्टरपंथी नेता एलिस वीडेल को समर्थन जताया है। दूसरी तरफ चुनाव में रूस का दखल सामने आया है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक डोपेलगैंगर और स्टॉर्म-1516 जैसे ग्रुप रूस से हजारों बॉट आर्मी के जरिए चुनाव को प्रभावित कर रहे हैं। ये ग्रुप रोजाना हजारों वीडियोज-फेक न्यूज सोशल मीडिया खासकर एक्स पर पोस्ट कर रहे हैं। ये पोस्ट एएफडी के समर्थन में हो रहे हैं और इनके सबसे ज्यादा निशाने पर एसपीडी है। इनके अलावा रूस से 100 से ज्यादा फर्जी वेबसाइट्स से फेक न्यूज फैलाई जा रही है। सर्वे में भले ही मत्ज की सीडीयू सबसे आगे हो, लेकिन पार्टी को 50% से अधिक वोट मिलता नहीं दिख रहा है। जर्मनी में सत्ता में आने के लिए पार्टी को 50% से ज्यादा का समर्थन जरूरी होता है, इसलिए यहां अकसर गठबंधन सरकार बनती है। चुनाव में यूक्रेन जंग, रूस, अर्थव्यवस्था व बजट जैसे मुद्दे छाए हुए हैं। हालांकि, सीडीयू, एसपीडी, एएफडी के लिए अवैध प्रवासी बड़ा मुद्दा है। जर्मनी में हालिया आतंकी हमलों को एएफडी अवैध प्रवासियों से जोड़ मुद्दा बना रही है।

सीडीयू सीमाओं को सख्त करने व शरणार्थियों के लिए नागरिकता की शर्तें कड़ी करने की बात कर रही है। एसपीडी भी सीमा सख्ती के पक्ष में है, लेकिन कुशल प्रवासियों को आने देने की नीति जारी रखना चाहती है।

# रूस का यूक्रेन पर 267 ड्रोन से हमला

## जंग के 3 साल पूरे होने पर कीव समेत 13 शहरों पर अटैक; यूक्रेन का जवाबी हमला नाकाम

एजेंसी



मॉस्को, रूस ने यूक्रेन पर शनिवार रात एक साथ 267 ड्रोनों से हमला किया। यह हमला यूक्रेन जंग के तीन साल पूरे होने से ठीक एक दिन पहले किया गया है। यूक्रेन के एयर फोर्स कमांड के प्रवक्ता यूरी इग्नात ने कहा कि यह पहली बार है जब रूस ने एक साथ इतने ड्रोन दागे हैं। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक खार्किव, पोल्तावा, सुमी, कीव समेत कम से कम 13 शहरों में ड्रोन हमला किया गया। यूक्रेनी सेना ने दावा किया कि रूस ने 3 बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागी हैं। बीबीसी के मुताबिक इस हमले में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। इमरजेंसी सर्विस के मुताबिक अब तक इसमें 3 लोग घायल हुए हैं। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक खेरसॉन में दो लोग मारे गए हैं। हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इसके अलावा क्रीवी रीह में भी एक शख्स की मौत हुई है। क्रीवी रीह एक इंडस्ट्रियल सिटी है जहां यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की पैदा हुए थे। इसके जवाब में यूक्रेन ने भी रूस पर हमला किया है। रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने रविवार को कहा कि यूक्रेन ने 20 ड्रोनों से हमला किया। लेकिन उन्होंने सभी ड्रोन को मार गिराया है। यूक्रेन ने 138 ड्रोन मारने का दावा किया यूक्रेन की डिफेंस फोर्स ने दावा किया कि उन्होंने 138 ड्रोन्स को मार गिराया है। जबकि 119 डिकॉय ड्रोन थे। डिकॉय ड्रोन हथियारों से लैश नहीं होते हैं।

# आरजी कर पीड़ित के माता-पिता का आरोप, छह महीने बाद भी नहीं मिला बेटी का डेथ सार्टिफिकेट




एजेंसी

कोलकाताः पश्चिम बांगाल की राजधानी स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक जूनियर महिला डॉक्टर के साथ हुए चौंकाने वाले रेप और हत्या को छह महीने से अधिक समय बीत चुका है. हालांकि, छह महीने बीत जाने के बाद भी मृतक डॉक्टर के माता-पिता को उसका डेथ सार्टिफिकेट मिल पाया है. पीड़िता का शव पिछले साल 9 अगस्त की सुबह सरकारी संस्थान के परिसर के भीतर एक सेमिनार हॉल से बरामद किया गया था. पीड़िता के माता-पिता ने आरोप लगाया है कि वे अब तक मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने में असमर्थ रहे हैं, क्योंकि आरजी कर और कोलकाता नगर निगम के अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं. उनके अनुसार केएमसी के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि चूंकि मृत्यु का स्थान आरजी कर है, इसलिए मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान करना अस्पताल के अधिकारियों की जिम्मेदारी है. मृतक के माता-पिता ने कहा कि आरजी कर अधिकारियों का दावा है कि अगर कोई मरीज अस्पताल परिसर में मर जाता है या उसे अस्पताल में मृत अवस्था में लाया जाता है, तो केएमसी अधिकारियों को मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान करना होगा. पीड़िता के माता-पिता ने आगे दावा किया है कि उन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति नहीं मिली है.

> आरजी कर मेडिकल कॉलेज की मृतक महिला डॉक्टर के माता-पिता को अभी तक उसका डेथ सार्टिफिकेट नहीं मिला है.

### मेडिकल ऑफिसर ने क्या कहा?

वहीं, आरजी कर के एक मेडिकल ऑफिसर के बयान के अनुसार अदालत के दस्तावेजों में इसका उल्लेख किया गया है. अब वे कह रहे हैं कि उन्हें डेथ सार्टिफिकेट नहीं मिला है.अगर मृत्यु प्रमाण पत्र का उल्लेख अदालत के दस्तावेजों में है, तो प्रमाण पत्र की प्रति उन्हें क्यों नहीं सौंपी गई?

### कोर्ट ने मामले में सुनाई सजा

गौरलतब है कि हाल ही में कोलकाता की एक विशेष अदालत ने बलात्कार और हत्या के मामले में नागरिक स्वयंसेवक संजय रॉय को दोषी ठहराया और सजा सुनाई थी. अदालत ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को 24 फरवरी को मामले में अपनी जांच पर एक नई प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया. चूंकि विशेष अदालत पहले ही बलात्कार और हत्या के मुख्य अपराध में दोषी को सजा सुना चुकी है

# सभी राजनीतिक दलों को बंगाल में एनआरसी लागू करने का समर्थन करना चाहिए : भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी

> भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि घुसपैठ जैसे मुद्दों से प्रभावी ढंग से निपटने और जनसांख्यिकी में बदलाव से बचने के लिए सभी राजनीतिक दलों को पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने का समर्थन करना चाहिए।



एजेंसी

कोलकाता। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि घुसपैठ जैसे मुद्दों से प्रभावी ढंग से निपटने और जनसांख्यिकी में बदलाव से बचने के लिए सभी राजनीतिक दलों को पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने का समर्थन करना चाहिए। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भाजपा शासित राज्य राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने के पक्ष में हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार का इससे इनकार करना, हैरान करने वाला है और यह घुसपैठ रोकने के प्रति उनकी उदासीनता को दशार्ता है। उन्होंने कहा, देखिए कि अंसारुल्ला बांग्ला जैसे बांग्लादेशी आतंकवादी संगठन बंगाल के जिलों में कैसे अपना आधार फैला रहे हैं। देखिए कि कैसे जनसांख्यिकी बदल रही है, खासकर सीमावर्ती जिलों में। पुलिस और राज्य प्रशासन क्या कर रहे हैं, वे आंखें फेरे हुए बैठे हैं। उन्होंने कहा कि एनआरसी के सख्त कार्यान्वयन से ही घुसपैठियों को बाहर निकाला जा सकता है और विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने वाले जिहादी तत्वों का पता लगाया जा सकता है। अधिकारी ने कहा, सभी राजनीतिक दलों को एनआरसी का समर्थन करना चाहिए। 2026 के विधानसभा चुनावों में जब भाजपा सत्ता में आएगी, तो हम बंगाल में एनआरसी लागू करेंगे। अधिकारी ने नकारात्मक टिप्पणी करके और हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुँचाकर महाकुंभ जैसे पवित्र आयोजन का अपमान करने के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की भी आलोचना की। तृणमूल कांग्रेस महासचिव कुणाल घोष ने कहा कि अधिकारी जैसे नेता एनआरसी के मुद्दे पर जोर दे रहे हैं जिसका उद्देश्य राजनीतिक कारणों से समाज का ध्रुवीकरण करना है। घोष ने कहा, एनआरसी वास्तविक नागरिकों को शिविरों में भेज देगा और समाज के एक वर्ग को अलग-थलग कर देगा। हम ऐसा नहीं होने देंगे।

# गहलोत ने जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं मिलने का मुद्दा उठाया

> गहलोत के अनुसार भरतपुर में ही करीब 20,000 से अधिक विधवा, बुजुर्ग, दिव्यांग कई महीनों से सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए परेशान हो रहे हैं, शेष राजस्थान की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।



एजेंसी


पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं मिलने का मुद्दा उठाते हुए सरकार से इस ओर ध्यान देने की मांग की है। भरतपुर में पेंशन नहीं मिलने से परेशान एक महिला से संबंधित समाचार साझा करते हुए गहलोत ने एक्स पर लिखा, मुख्यमंत्री (भजन लाल शर्मा) के गृह जिले (भरतपुर) से आई इस खबर से लगता है कि भाजपा सरकार का ध्यान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की तरफ बिल्कुल नहीं है। ऐसी असफलताओं को छिपाने के लिए ही सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री विधानसभा में अनर्गल बातें करते हैं ताकि अपने विभाग की असफलताएं छिपा सकें। गहलोत के अनुसार भरतपुर में ही करीब 20,000 से अधिक विधवा, बुजुर्ग, दिव्यांग कई महीनों से सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए परेशान हो रहे हैं, शेष राजस्थान की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने लिखा, हमारी सरकार ने पेंशन में प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी का प्रावधान किया था परन्तु वर्तमान सरकार इस 15 प्रतिशत बढ़ोत्तरी को भी जारी नहीं रख सकी है। इस बजट में पेंशन में कम से कम 172 रु प्रतिमाह की बढ़ोत्तरी होनी चाहिए थी, लेकिन केवल 100 रुपये की वृद्धि की गई है।

# जयशंकर ने डोनाल्ड ट्रंप के दावों को चिंताजनक बताया, कहा सरकार कर रही है जांच

> विदेश मंत्री एस जयशंकर ने को श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में आयोजित डीयू साहित्य महोत्सव में भाग लिया। इस दौरान उनसे यूएसएड के मुद्दे के बारे में सवाल पूछा गया, जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ट्रंप प्रशासन के लोगों द्वारा कुछ जानकारी सामने रखी गई है, और जाहिर है कि यह चिंताजनक है।

## श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में आयोजित डीयू साहित्य महोत्सव में भाग लिया

एजेंसी



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने को दावा किया कि बाइडन प्रशासन ने भारत को उसके चुनाव में मदद के लिए 1.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर की धनराशि आवंटित की। ट्रंप के दावे ने भारत में विवाद पैदा पर दिया है। जयशंकर ने कहा है कि ट्रंप प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी चिंताजनक है और सरकार इसकी जांच कर रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने को श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में आयोजित डीयू साहित्य महोत्सव में भाग लिया। इस दौरान उनसे यूएसएड के मुद्दे के बारे में सवाल पूछा गया, जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ट्रंप प्रशासन के लोगों द्वारा कुछ जानकारी सामने रखी गई है, और जाहिर है कि यह चिंताजनक है। इससे पता चलता है कि ऐसी गतिविधियां हैं जिनका एक निश्चित उद्देश्य है किसी विमर्श या दृष्टिकोण को बढ़ावा देना। जयशंकर ने कहा, एक सरकार के रूप में, हम इसकी जांच कर रहे हैं, क्योंकि ऐसे संगठनों का दायित्व है कि वे जानकारी दें। और, मेरा मानना है कि तथ्य सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि मैंने पढ़ा, फलां व्यक्ति ने यूएसएड के साथ काम किया...देखिए, यह सवाल नहीं है कि आपने यूएसएड के साथ काम किया या नहीं, यूएसएड को अनुमति दी गई थी। यह ऐतिहासिक रूप यहां काम करता रहा है। लेकिन, यूएसएड को सद्भावनापूर्वक, सद्भावनापूर्ण गतिविधियां करने के लिए यहां अनुमति दी गई थी। उन्होंने कहा, अब अमेरिका से यह संकेत मिल रहे हैं कि कुछ गतिविधियां दुर्भावनापूर्ण थीं। इसलिए इस पर निश्चित रूप से गौर किया जाना चाहिए और यदि ऐसा कुछ है तो मेरा मानना ??है कि देश को पता होना चाहिए कि दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों में कौन लोग शामिल हैं। इससे पहले मियामी में बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) द्वारा दिए गए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर के वित्त पोषण पर सवाल उठाया था।












# विभिन्न पर्व

| पौष पूर्णिमा | मकर संक्रांत | मौनी आमावश्या | बसंत पंचमी | माघी पूर्णिमा | महा शिवरात्री |
|---|---|---|---|---|---|
| 13/01/2025 | 14/01/2025 | 29/01/2025 | 03/02/2025 | 12/02/2025 | 26/02/2025 |

# महाकुंभ- नाव वाले 20 गुना किराया वसूल रहे

## बाइकर्स 2केएम के 500 ले रहे, 84 गाड़ी सीज; संगम की ओर जाने वाले रास्ते फुल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, महाकुंभ का आज 42वां दिन है। मेला खत्म होने में 3 दिन और बचे हैं। आखिरी वीकेंड पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। ऑटो, ई-रिक्शा, बाइक वालों के साथ नाव वाले भी मनमाना पैसा वसूल रहे हैं। भास्कर रिपोर्टर ने मौज गिरी घाट से संगम तक नाव बुक करने की बात की तो नाविक ने 20 हजार रुपए मांगे। सामान्य दिनों में नाव बुक करने पर एक हजार रुपए लेने वाले नाविक आज 20 गुना रुपए वसूल रहे हैं। सिविल लाइंस रेलवे स्टेशन के पास बाइकर्स गैंग है। ये यात्रियों को मेला तक पहुंचाने के लिए महज दो किमी के 500 रुपए वसूल रहे। इनके खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया। पुलिस ने 84 बाइकें सीज की हैं। स्टेशन से संगम की ओर जाने वाले रास्तों पर पैदल चलना भी



मुश्किल है। भीड़ इतनी है कि पैर रखने की जगह नहीं। शाम 6 बजे तक 1.18 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 61.61 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। एयरपोर्ट पर चाय-कॉफी के लिए लाइन लग गई। एयरपोर्ट के अंदर ज्यादा भीड़ होने की वजह से यात्रियों को बाहर पार्किंग की तरफ रोका गया। फ्लाइट आने के 3 घंटे पहले अंदर एंट्री दी जा रही है। भीड़ के चलते ज्यादा से ज्यादा स्पेशल ट्रेन चलाने के लिए रेलवे ने 67 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। कम दूरी की ज्यादा ट्रेनें चलाई जा रही हैं। 22 फरवरी से 1 मार्च के बीच इन ट्रेनों को निरस्त किया गया है। प्रयागराज के सभी 7 एंट्री पॉइंट्स पर बाहर से आने वाली गाड़ियों को रोक दिया गया है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया- सभी 7 एंट्री पॉइंट्स पर ट्रैफिक संभालने के लिए 1-1 आईजी तैनात किए गए हैं। शहर से बाहर बनी पार्किंग में गाड़ी पार्क करनी पड़ रही है। यहां से संगम की दूरी 10 से 12 किमी है। एंट्री पॉइंट्स पर रोके गए श्रद्धालुओं को कम से कम 10-12 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। हालांकि, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शटल बसें, ई-रिक्शा, ऑटो और ठेले चल रहे हैं। हजारों की संख्या में बाइक वाले भी सवारियां ले जा रहे हैं, लेकिन मनमाना किराया वसूल रहे हैं।

# 26 फरवरी तक डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द

## एसआरएन हॉस्पिटल के ट्रामा सेंटर, बर्न यूनिट सर्जरी और कार्डियोलॉजी में 24 घंटे मिलेगा इलाज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, महाकुंभ का अंतिम स्नान पर्व 26 फरवरी को है। इसके लिए अस्पतालों में तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंडल के सबसे बड़े स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में इमरजेंसी सेवाएं और बेहतर कराई गई हैं। महाशिवरात्रि तक स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की छुट्टी रद कर दी गई है। अस्पताल में 40 बेड ट्रॉमा सेंटर, 50 बेड सर्जिकल आईसीयू, 50 बेड मेडिसिन वार्ड, 50 बेड पीएमएसएसवाई वार्ड और 40 बेड बर्न यूनिट रिजर्व रखे गए हैं। इसके अलावा, 10 बेड कार्डियोलॉजी वार्ड और 10 बेड आईसीयू की व्यवस्था की गई है। चिकित्सीय सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए 30 वरिष्ठ डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है, जबकि 180 रेजिडेंट डॉक्टर 24 घंटे सेवाएं देंगे। 500 से अधिक नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ भी तैनात



रहेगा। आपातकालीन सुविधाओं के तहत दो अल्ट्रासाउंड मशीनें, दो एक्स-रे मशीनें, दो सीटी स्कैन मशीनें और एक एमआरआई मशीन 24 घंटे कार्यरत रहेंगी। पैथोलॉजी सेवाएं भी पूरे समय उपलब्ध रहेंगी, जिसके लिए ट्रॉमा सेंटर और पीएमएसएसवाई में कलेक्शन सेंटर तैयार किए गए हैं। डॉ. राजकुमार बताते हैं कि रक्त की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 200 यूनिट से अधिक रक्त कोष में सुरक्षित रखा गया है। संपूर्ण व्यवस्था की निगरानी प्रधानाचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा के निर्देशन में की जा रही है, जबकि उप-प्रधानाचार्य डॉ. मोहित जैन और प्रमुख अधीक्षक डॉ. अजय सक्सेना विशेष रूप से मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सेवा प्रदाता कंपनियों को अपने कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, वहीं हाउसकीपिंग एजेंसियों को सख्त हिदायत दी गई है

कि सफाई व्यवस्था में कोई लापरवाही न हो। प्रधानाचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा ने कहा कि स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल पूरी तरह तैयार है।

## संक्षेप

### रहरा थानाध्यक्ष की गाड़ी पिकअप से टकराई

**आवारा पशु को बचाने में हादसा, थानाध्यक्ष के माथे पर चोट आई**

अमरोहा, रजबपुर में एक मुल्जिम को अदालत में पेश करने के बाद वापस लौट रहीं रहरा थानाध्यक्ष अलका चौधरी दुर्घटना का शिकार हो गईं। अतरासी-हसनपुर मार्ग पर यह हादसा हुआ। घटना उस समय हुई जब उनकी गाड़ी के आगे चल रहे पिकअप वाहन ने सड़क पर अचानक आए गोवंश को बचाने के लिए इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया। पीछे से आ रही थानाध्यक्ष की सरकारी कार के चालक मनोज कुमार ने गाड़ी को नियंत्रित करने का प्रयास किया। लेकिन कार पिकअप से टकरा गई। इस हादसे में थानाध्यक्ष के माथे पर चोट आई। उन्हें तत्काल हसनपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही रजबपुर और हसनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। क्षतिग्रस्त कार को रजबपुर थाने में खड़ा करा दिया गया है।सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि थानाध्यक्ष की हालत अब स्थिर है। उनका उपचार जारी है।

### सामूहिक विवाह में बड़ा फजीर्वाड़ा

**तीन बच्चों के पिता ने कर ली दूसरी शादी, अधिकारियों ने मुकदमा दर्ज कराने के दिए आदेश**

अमरोहा,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के दौरान एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। गजरौला शहर के शिव इंटर कॉलेज में आयोजित समारोह में 233 जोड़ों की शादी होनी थी। इनमें से 200 जोड़ों का विवाह पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुआ। एक युवती का होने वाला दूल्हा जब समारोह में नहीं पहुंचा, तो उसके परिजनों ने तीन बच्चों के एक पिता को शादी के लिए राजी कर लिया। दोनों की शादी की सभी रस्में पूरी कर दी गईं। मौजूद सांसद कंवर सिंह तंवर, विधायक राजीव तरारा और सीडीओ अश्वनी मिश्रा समेत अन्य अतिथियों ने भी नवदंपति को आशीर्वाद दिया। समारोह के बाद जब मामले का खुलासा हुआ, तो प्रशासन में हड़कंप मच गया। सीडीओ के अनुसार दुल्हन बवनपुरा माफी गांव की रहने वाली है, जबकि दूल्हा गांव सलेमपुर गोंसाई का निवासी है।

### पशुओं को चारा खिलाने गए वीएचपी कार्यकताओं को रोका

**नगर पालिका अध्यक्ष ने खुलवाया गेट, शांत हुआ मामला**

हसनपुर, कान्हा गौशाला में आज एक विवाद सामने आया। दोपहर 12 बजे विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल और नगर मंत्री अमित शर्मा गौ सेवा के लिए गुड़ और हरा चारा लेकर पहुंचे। गेटकीपर ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। उसने कहा कि नगर पालिका प्रशासन के अलावा किसी को गौशाला में प्रवेश की अनुमति नहीं है। कार्यकताओं ने नगर पालिका ईओ को फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# कैंसर से पीड़ित 15 साल की किशोरी ने दी जान

- किसान की बेटी ने लगाई फांसी, गले की बीमारी से थी परेशान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, बाजार शुकुल स्थित इंदरिया के पूरे रामदीन गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। गले के कैंसर से पीड़ित 15 वर्षीय सुनीता ने आत्महत्या कर ली। वह एक गरीब किसान हरीराम की बेटी थी। सुनीता पिछले कई महीनों से गले की बीमारी से जूझ रही थी। उसका इलाज



चल रहा था और डॉक्टरों ने सर्जरी भी की थी। सर्जरी के बाद भी वह लगातार दर्द से कराहती रहती थी। परिवार ने कई स्थानीय डॉक्टरों को दिखाया, लेकिन बीमारी का पूरा इलाज नहीं हो पाया। रविवार की दोपहर सुनीता ने पेड़ की डाल से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की मां ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण बेटी के इलाज में परेशानी आ रही थी। गरीबी और इलाज की चिंता से सुनीता मानसिक रूप से परेशान थी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र मौके पर पहुंचे। उन्होंने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# महाकुम्भ मेले में विधि,स्वास्थ्य व अध्यात्म विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, विधिक सहायता एवं सेवा केंद्र सी एम पी डिग्री कॉलेज ने महाकुंभ मेले में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफलता पूर्वक आयोजन किया। सेमिनार का विषय विधि,स्वास्थ्य व अध्यात्म : भारतीय ज्ञान प्रणाली के सम्बन्ध में था। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुंभ मेला में स्थित कैंप में यह आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी आन लाइन तथा आफ लाइन दोनों माध्यम में चार सत्रों में किया गया। इस सेमिनार में श्रीमान अशोक मेहता, डॉ खालिद तथा रूस के भौतिक शास्त्री वैज्ञानिक माइखेल बागले ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। यह सेमिनार चार भागो में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेश कुमार गौतम ने किया। द्वितीय सत्र के अध्यक्ष प्रो. एस के गुप्ता ने आनलाइन सेमिनार को




संबोधित किया। प्रो. गुप्ता ने ₹गीता की प्रासंगिकता वर्तमान विधिक व्यवस्था के संदर्भ में₹ विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि गीता की प्रासंगिकता न तो कभी कम हुई है न ही कभी कम होगी। गीता के सिद्धांतों को सही तरीके से लागू करने की आवश्यकता हैं। मुख्य अतिथि मा.न्यायमुर्ति श्री जे जे मुनीर ने कहा कि कानूनी शिक्षा व्यापार नही है। मुख्य अतिथि ने विधि तथा अध्यात्मिकता के सम्वन्ध को विस्तार से बताया। रूस से आये वैज्ञानिक ने 'विज्ञान आध्यात्मिकता के लिए विषय पर प्रकाश डाला। सेमिनार के संयोजक डॉ आर डी किशोर ने स्वास्थ्य सम्बंधीय विधियों पर प्रकाश डाला तथा विधि के विद्याथीयों को लेकर विधिक जागरुकता कैम्प कुम्भ मेले मे आयोजित किया, जिसको मननीय न्यायमूर्ति श्री जे जे मुनीर, श्री अशोक मेहता, प्रोफेसर एस एस सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। सेमिनार की रूपरेखा डॉ हरी दर्शन त्रिपाठी ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विधि विभाग के सभी शिक्षक तथा भारी मात्रा में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# युवक की मौत पर बवाल

- शव रखकर दो घंटे तक सड़क जाम, 15-20 लोगों पर मुकदमा दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी तहसील, अमेठी में एक युवक की संदिग्ध मौत के बाद परिजनों ने सड़क पर प्रदर्शन किया। थाना पीपरपुर क्षेत्र के जनतानगर मोड़ पर सीमेंट फैक्ट्री के पास शव रखकर किए गए प्रदर्शन से यातायात दो घंटे तक बाधित रहा। खरगपुर निवासी शिवप्रकाश कोरी का शव पेड़ से लटका मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और मृतक की पत्नी की शिकायत पर मामला दर्ज किया। इसी दौरान सुल्तानपुर के धम्मौर थाना क्षेत्र के लौहर दक्षिण निवासी उदय प्रताप कोरी उर्फ ऊदल कोरी अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों को साथ लेकर सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन प्रदर्शनकारी पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। बाद में पीपरपुर, गौरीगंज और




आस-पास के थानों की पुलिस फोर्स ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। प्रदर्शन से दुगार्पुर-अमेठी और बरियार शाह मार्ग पर लंबा जाम लग गया। इससे यात्रियों और स्थानीय दुकानदारों को परेशानी हुई।

# स्वास्थ्य केंद्र में 7 महीने से डॉक्टर छूटी पर

## तिलोई में फार्मासिस्ट कर रहे इलाज, बाहर से लिखी जा रही दवाइयां, विकलांग मरीज परेशान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी , शाहमऊ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तैनात डॉक्टर राधा भिमानी पिछले सात महीनों से अवकाश पर हैं। प्रशासन ने अब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है ।तिलोई से आने वाले डॉ. बृजवासी भी कई दिनों से नहीं आ रहे हैं। अस्पताल प्रभारी का कमरा बंद रहता है। मरीजों को घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ता है। फार्मासिस्ट शाहिद अकेले ही मरीजों की जांच, पर्चा बनाने और दवा देने का काम कर रहे हैं। यह नियमों के विरुद्ध है। 25 वर्षों से यहां तैनात एएनएम शाहनाज बानो पर भी गंभीर आरोप हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि डिलीवरी समेत कई मामलों में बाहरी पर्चे लिखवाए



जाते हैं। मरीजों से अनियमित रूप से पैसे वसूले जाते हैं। स्थानीय निवासी गुलाब सिंह ने बताया कि डॉक्टर न होने से गरीब मरीजों पर दवाइयों का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। एक विकलांग मरीज को बिना सहारे घंटों इंतजार करना पड़ा। अस्पताल में दिव्यांगों के लिए कोई विशेष सुविधा नहीं है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टरों की तैनाती और अनियमितताओं की जांच की मांग की है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

# सीओ दफ्तर के सामने से ट्रांसफार्मर चोरी..3 लाइनमैन भी बर्खास्त

- मुरादाबाद पुलिस ने गैंग ट्रेस किया, अमरोहा से जुडे तार; स्योहारा में भी इसी पैटर्न पर चोरी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुरादाबाद, सीओ दफ्तर के ठीक सामने से 400केवीए के ट्रांसफार्मर की चोरी की घटना में जेई को सस्पेंड करने के बाद अधिकारियों ने 3 लाइनमैन को बर्खास्त कर दिया है। दूसरी ओर पुलिस ने उस गैंग को ट्रेस कर लिया है, जिसने ये ट्रांसफार्मर क्रेन और छोटे ट्रक की मदद से चोरी किया। गैंग के कुछ सदस्यों को पुलिस ने दबोच लिया है। गैंग का सरगना ट्रांसफार्मर चोरी के गढ़ अमरोहा का रहने वाला है। वो पुराने ट्रांसफार्मर की रिपेयरिंग का काम करता है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। सूत्रों का कहना है कि बिजली विभाग के कुछ लोगों की मिलीभगत से ही उसने मुरादाबाद से ट्रांसफार्मर उठवाया था।




इस बीच पुलिस को पता चला है कि बिजनौर के स्यौहारा से भी 3 दिन पहले एक ट्रांसफार्मर इसी पैटर्न पर चोरी हुआ है। ये चोरी भी इसी गैंग ने की है। गैंग के पकड़े गए सदस्यों ने ये बात कबूल की है। अधिशासी अभियंता वीरेंद्र कुमार ने कहा, मामले में जेई को निलंबित करने के बाद 3 लाइनमैन की भी सेवा समाप्त कर दी गई है।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं को परेशानी

## बांदा रोडवेज में खड़ी हैं बसें, लेकिन ड्राइवर-कंडक्टर गायब; यात्रियों ने किया हंगामा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बांदा, महाकुंभ में महाशिवरात्रि स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। लेकिन बांदा में रोडवेज की लापरवाही से यात्री परेशान हैं। बांदा रोडवेज में दर्जनों बसें मौजूद हैं। मगर ड्राइवर और कंडक्टर नदारद हैं। सैकड़ों श्रद्धालु कई घंटों से बसों का इंतजार कर रहे हैं। आक्रोशित श्रद्धालुओं ने रोडवेज परिसर में जमकर नारेबाजी की। यात्रियों का कहना है कि सीएम योगी



आदित्यनाथ ने महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। सरकार हर तरह की सुविधा मुहैया करा रही है। लेकिन रोडवेज के अधिकारी और कर्मचारी सरकार के निदेर्शों की अवहेलना कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने रोडवेज प्रशासन से मांग की है कि तुरंत स्टाफ को बुलाया जाए। साथ ही बसों को प्रयागराज के लिए रवाना किया जाए। इससे पहले भगदड़ की घटनाओं के बाद सीएम योगी ने प्रदेश भर के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे।

# दीवार गिरने से तीन बच्चों की हुई थी मौत

## प्रभारी मंत्री ओपी राजभर ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर आर्थिक मदद का दिया आश्वासन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, गोसाईगंज अंतर्गत दजीर्पुर गांव में 17 फरवरी को एक अधूरे पक्के मकान की दीवार गिरने से तीन मासूम बच्चों की जान चली गई। घटना के समय बच्चे मकान में खेल रहे थे। एक बच्चे की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। दो चचेरे भाइयों ने लखनऊ में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बचाव कार्य में जुटे 10 ग्रामीण भी इस हादसे में घायल हुए। प्रभारी मंत्री ओपी राजभर ने रविवार को घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। मंत्री ने कहा कि यह क्षति अपूरणीय है। राजभर ने मृतक बच्चों के परिवारों को जल्द ही सरकारी सहायता राशि और घायलों को आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने एसडीएम को सभी जरूरी दस्तावेज तैयार करने के निर्देश दिए। मंत्री करीब 45 मिनट तक गांव में रहे। इससे एक दिन पहले मंत्री के पुत्र अरविंद राजभर ने भी पीड़ित परिवारों से मुलाकात की थी।

# सड़क हादसे में महिला की मौत

## ई-रिक्शा पर लदे दरवाजे से हुआ हादसा, एक महिला घायल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

तिलोई, मोहनगंज थाना क्षेत्र में रविवार को एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। तिलोई-सेमरौता मार्ग पर सुभाष पशुपति नाथ विद्यापीठ इंटर कॉलेज के पास यह घटना हुई। सुनील कुमार अपनी पत्नी सुनीता देवी और मोहनदेई के साथ बाइक पर शादी समारोह में जा रहे थे। इसी दौरान सेमरौता की ओर जा रहे ई-रिक्शा पर लदे दरवाजे का बाहर निकला गेट उनकी बाइक से टकरा गया। हादसे में हेलमेट पहने होने के कारण सुनील को मामूली चोटें आईं। लेकिन पीछे बैठी सुनीता देवी और मोहनदेई के सिर पर गंभीर चोटें लगीं।

# धोपाप धाम-गोमती तट पर 500 लोगों ने की सफाई

## निरंकारी सेवादारों ने चलाया अभियान, स्वच्छ जल-स्वच्छ मन परियोजना का तीसरा चरण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, संत निरंकारी मिशन की लंभुआ और बेथरा यूनिट ने एक बड़ा सफाई अभियान चलाया। यह अभियान प्रोजेक्ट अमृत के तहत स्वच्छ जल-स्वच्छ मन परियोजना के तीसरे चरण का हिस्सा था। धोपाप धाम और गोमती नदी के किनारे यह विशेष अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में 500 से अधिक निरंकारी मिशन के महिला और पुरुष सेवादारों ने स्वेच्छा से भाग लिया। सेवादारों ने गोमती नदी की सफाई की और आसपास के लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया। यह कार्यक्रम सद्गुरु माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव जी महाराज के निर्देश पर बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जन्म दिवस पर आयोजित किया गया। यह अभियान पूरे देश में चलाया गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजूकोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।